RNI No. DELBIL/2015/66163



# मयूर संवाद

आपका मौहल्ला आपकी आवाज

दैनिक



वर्ष : 6 | अंक : 119 | नई दिल्ली, बुधवार, 21 अप्रैल 2021 | मूल्य : 3 रूपए | पेज: 08

## प्रमुख समाचार

### अरविंद केजरीवाल की पत्नी कोरोना वायरस से संक्रमित, मुख्यमंत्री ने खुद को किया क्वारेंटाइन

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में भी कोरोना का कहर जारी है। कोरोना से आम से लेकर खास हर तरह के लोग संक्रमित हो रहे हैं। इस बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई हैं। सुनीता केजरीवाल के संक्रमित होने की रिपोर्ट आने के बाद अरविंद केजीरवाल ने खुद को क्वारेंटाइन कर लिया है। वहीं, सुनीता केजरीवाल भी आइसोलेशन में हैं। बता दें कि दिल्ली में आज से 26 अप्रैल की सुबह 5 बजे तक लॉकडाउन लगाया गया है। इस दौरान सिर्फ जरूरी सेवा की इजाजत है। सभी प्राइवेट दफ्तरों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश दिये गये हैं, जबकि सरकारी दफ्तरों में सिर्फ जरूरी सेवा में लगे लोगों को जाने की इजाजत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटों में देश में 2,59,170 नए मामले आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या 1,53,21,089 हो गई है।

### लॉकडाउन आपकी सुरक्षा के लिए लगाया गया, कृपया घरों के भीतर ही रहें: केजरीवाल

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली में लगाए गए छह दिन के लॉकडाउन के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को लोगों से अपील की है कि वे इस अवधि में घरों के भीतर ही रहें। उन्होंने कहा कि यह फैसला लोगों की सेहत और सुरक्षा की दृष्टि से लिया गया है। दिल्ली में लॉकडाउन गत सोमवार को रात दस बजे से शुरू हो गया है और 26 अप्रैल को तड़के पांच बजे तक जारी रहेगा। केजरीवाल ने ट्वीट किया, ''दिल्ली में आज से लॉकडाउन शुरू हो चुका है। ये फ़ैसला आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा के मद्देनज़र लिया गया है। कृपया इसमें सरकार का सहयोग करें, अपने घर पर ही रहें, संक्रमण से बचकर रहें।'' सोमवार को लॉकडाउन की घोषणा करते हुए केजरीवाल ने कहा था कि कोविड-19 के मरीज बहुत बड़ी संख्या में होने के कारण दिल्ली में स्वास्थ्य प्रणाली बहुत अधिक दबाव में है और यदि सख्त कदम नहीं उठाए गए तो प्रणाली ध्वस्त हो जाएगी।

### मेट्रो में पीक समय में 15 मिनट और अन्य समय पर 30 मिनट की देरी से चलेगी ट्रेन

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो ने कोरोना संबंधित कर्फ्यू के चलते अपनी सेवाओं को लेकर अपडेट जारी किया है। मेट्रो का कहना है कि महामारी के प्रसार को रोकने के लिए किसी भी दिल्ली सरकार के दिशानिर्देशों के तहत पात्र यात्री को केवल बैठकर ही गंतव्य तक जाने की अनुमति होगी और उसमें भी पहले की ही तरह आधी सीटें खाली रहेंगी। दिल्ली मेट्रो के प्रवक्ता अनुज दयाल ने बताया है कि यात्रियों की कमी को देखते हुए सुबह 7 से 11 और शाम 4 से 8 बजे के दौरान मेट्रो 15 मिनट पर उपलब्ध होगी। वहीं अन्य समय में यह आधे घंटे के अंतराल पर संचालित होंगी।

## मजदूरों को सता रहा है लंबे लॉकडाउन का डर, परिवार चलाना हो सकता है मुश्किल

# प्रवासी मजदूर फिर हुए पलायन को मजबूर, सीएम केजरीवाल ने हाथ जोड़कर की थी ना जाने की अपील

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के संक्रमण पर काबू पाने के लिए दिल्ली में लॉकडाउन के ऐलान के बाद से प्रवासी मजदूरों का राजधानी से पलायन जारी है। लंबे समय तक लॉकडाउन के डर से प्रवासी मजदूर दिल्ली छोड़कर अपने घरों को वापस लौट रहे हैं। इसी वजह से सोमवार देर रात कर आनंद विहार टर्मिनल पर प्रवासी मदजूरों का तांता लगा रहा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अपील के बाद भी मजदूर दिल्ली में नहीं रुकना चाहते हैं। सोमवार को कई मजदूर बसों पर लटकर, उसकी छतों पर बैठकर अपने घर वापस जाते दिखाई दिए। सोमवार से शुरू हुए मजदूरों के पलायन के बाद मंगलवार से वे यूपी पहुंचने लगे हैं। इस दौरान ट्रकों में भरकर या अन्य साधनों से लोग अपने-अपने घर पहुंचने की जुगत में लगे रहे। प्रवासियों का ऐसे जत्थों में आना प्रदेशवासियों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। लोगों को डर है कि ये मजदूर कहीं वायरस कैरियर न साबित हों और पहले ही खराब यूपी की हालत और बदतर हो जाए।




दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को लॉकडाउन की घोषणा करते हुए कहा था, %मैं प्रवासी मजदूरों से हाथ जोड़कर अपील करना चाहता हूं कि दिल्ली छोड़ कर मत जाएं। यह छोटा सा लॉकडाउन है। सरकार आपकी सभी जरूरतों का ध्यान रखेगी। मेरी आप सभी से अपील है कि आप दिल्ली छोड़कर ना जाएं। हम सब मिलकर इस परिस्थिति का सामना करेंगे। प्रवासी मजदूरों का कहना है कि कोरोना वायरस का संक्रमण अनियंत्रित तरीके से बढ़ रहा है। आने वाले समय में अगर हालात और ज्यादा खराब हुए तो लॉकडाउन की सीमा बढ़ाई जा सकती है। लॉकडाउन की वजह से काम बंद हो गए हैं और एक बार फिर यहां फंस गए तो परिवार चलाना मुश्किल साबित हो सकता है। दिल्ली में लॉकडाउन लगने के बाद उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाले लोगों की भीड़ लगातार बढ़ रही है और वे किसी तरह अपने घर जाना चाह रहे हैं। भीड़ की वजह से कोरोना संक्रमण बढ़ने को लेकर प्रवासी मजदूरों का कहना है कि उन्हें किसी सरकार पर अब भरोसा नहीं है। अगर संक्रमित भी हो जाते हैं तो अपने घर पहुंच जाएंगे, क्योंकि यहां काम बंद हो गया है और इलाज के लिए भी भटकना पड़ सकता है। प्रवासी मजदूरों की वापसी पर योगी सरकार के मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने अरविंद केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए प्रदेश में लॉकडाउन लगा दिया। उनकी अव्यवस्थाओं की वजह से ही प्रवासी मजदूर एक बार फिर अपने घर वापस जाने को मजबूर हो गए हैं। सिंह ने कहा कि यूपी में योगी सरकार ने वापस लौटे प्रवासियों को उनके घर तक पहुंचान के लिए प्राइवेट और निजी बसों के इंतजाम किए हैं।

## दिल्ली में कोरोना मरीजों के लिए तेजी से तैयार किये जा रहे हैं बेडः मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को डिजिटल प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि 'दिल्ली सरकार के बेड की संख्या बढ़ाने पर बहुत तेजी से काम कर रही है। दो हफ्ते से भी कम समय में हमने तीन गुना बेड बढ़ाए हैं। इस समय हमारे पास कुल 19 हजार बेड उपलब्ध हैं। इनमें से 2500 बेड खाली हैं। मैं खुद अस्पतालों में जाकर वहां की स्थिति को देख रहा हूं। दिल्ली सरकार आपके साथ है।' सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में कोरोना के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं, यह आंकड़ा प्रतिदिन 28 हजार तक भी जा सकता है। सरकार का ध्यान बेड बढ़ाने पर है। उन्होंने कहा कि बुराड़ी अस्पताल में 480 बेड बढ़ाने जा रहे हैं। डीडीयू में 500 बेड बढ़ाने जा रहे हैं। दक्षिणी दिल्ली के डीआरडीओ केयर सेंटर में कल 2500 बेड 4 घंटे में भर गए। अन्य अस्पतालों में भी बेड बढ़ाए जा रहे हैं। 2700 बेड एक सप्ताह में और जुड़ जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने लोगों से पैनिक में न आने की अपील की। साथ ही हल्के लक्षण हैं तो घर पर ही रहें। सरकारी डॉक्टर उनसे घर पर ही फोन पर संपर्क करेंगे और इलाज बताएंगे। उपमुख्यमंत्री ने लोगों से पैनिक न होने और लॉकडाउन के सभी नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोरोना होने पर लोग डरकर अस्पताल की ओर न भागे बल्कि होम आइसोलेशन को अपनाए। होम आइसोलेशन कोरोना से लड़ने का सबसे कारगर उपाय है। होम आइसोलेशन के दौरान डॉक्टर नियमित रूप से लोगों से फ़ोन पर संपर्क में रहते है।

## दोस्तों और प्रिय मित्रो

आप देश के एक जागरूक नागरिक है। आप मयूरसंवाद दैनिक समाचार पत्र के साथ समाज के आँख और कान बन सकते है। अपने आस पास के गली मोहल्ले की समस्याओं और मुद्दों को जिम्मेदार लोगो तक पहुंचना चाहते है। मयूरसंवाद आपकी आवाज़ को जनता के उन चुने हुए प्रतिनिधियों ले जाने के लिए वचनबद्ध है। आप अपने मोहल्ले के सभी अच्छे या गलत हो रहे कार्य की जानकारी या उसका वीडियो बना कर हमें भेज सकते-9212094209, 7982891541 पर या mayursamvad@gmail.com मेल करे या भेजें।

## प्रवासी मजदूरों के पलायन ने बढ़ाई उपराज्यपाल की चिंता, दिए प्रबंधन के निर्देश

नई दिल्ली। राजधानी में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के मामलों को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने मंगलवार को एक समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में दिल्ली सरकार के अलावा विभिन्न निकायों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में उपराज्यपाल अनिल बैजल ने निर्देश दिए कि लोगों की मदद के लिए एक तरफ जहां हेल्पलाइन खोली जाए तो वहीं दूसरी तरफ अस्पतालों में हेल्प डेस्क की व्यवस्था की जाए। इस हेल्पडेस्क पर जाकर मरीज मदद ले सकेंगे। उपराज्यपाल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, बैठक में कोरोना संक्रमण के मामलों को ध्यान में रखते हुए उपराज्यपाल अनिल बैजल ने डीडीएमए की तरफ से एनफोर्समेंट को लेकर जारी किए गए आदेशों की समीक्षा की। इस बैठक में दिल्ली के मुख्य सचिव, पुलिस कमिश्नर एसएन श्रीवास्तव, डिविजनल कमिश्नर, निगम कमिश्नर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में उपराज्यपाल ने मरीजों की



सुविधा के लिए पोर्टल एवं हेल्पलाइन शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस पोर्टल और हेल्पलाइन के जरिए लोगों को यह जानकारी दी जा सकेगी कि किस अस्पताल में उनके लिए बेड उपलब्ध हो सकता है। सभी अस्पतालों में खोले जाएं हेल्प डेस्क उपराज्यपाल ने दिल्ली के सभी अस्पतालों में हेल्प डेस्क स्थापित करने के भी निर्देश दिए हैं ताकि वहां पर मरीज के पहुंचने पर उनकी सहायता हो सके। इसके लिए नोडल ऑफिसर या मेडिकल सुपरीटेंडेंट की देखरेख में हेल्प डेस्क लगाने को कहा गया है।

## दिल्ली के लिए ऑक्सीजन आपूर्ति की कोई कमी नहीं, औद्योगिक इस्तेमाल पर लगाई रोक, केंद्र ने हाईकोर्ट को बताया

नई दिल्ली। केंद्र ने दिल्ली उच्च न्यायालय को मंगलवार को सूचित किया कि फिलहाल दिल्ली में ऑक्सीजन की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है और कुछ उद्योगों को छोड़कर ऑक्सीजन के अन्य तरह के औद्योगिक इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। बता दें कि, दिल्ली में मेडिकल ऑक्सीजन और रेमडेसिवीर दवा की कमी को लेकर सीएम केजरीवाल ने केंद्र सरकार को पत्र लिखा था। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से अदालत को बताया गया कि 20 अप्रैल तक की स्थिति के अनुसार मेडिकल ऑक्सीजन की आवश्यकता में 133 प्रतिशत की असामान्य बढ़ोतरी का अनुमान है। दिल्ली द्वारा बतायी गयी मांग का प्रारंभिक अनुमान 300 मीट्रिक टन का था जिसका संशोधित अनुमान बढ़कर 700 मीट्रिक टन हो गया। केंद्र ने उच्च न्यायालय को यह जानकारी भी दी कि उसने दिल्ली सरकार के अस्पतालों को करीब 1,390 वेंटिलेटर मुहैया करवाए हैं। इससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार से सवाल किया था कि क्या उद्योगों की ऑक्सीजन आपूर्ति कम करके उसे वह मरीजों को मुहैया करायी जा सकती है। न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति रेखा पल्ली की पीठ ने केन्द्र सरकार से कहा था, ''उद्योग इंतजार कर सकते हैं। मरीज नहीं। मानव जीवन खतरे में है।'' पीठ ने कहा कि उसने सुना है कि गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों को कोविड-19 के मरीजों को दी जाने वाली ऑक्सीजन मजबूरी में कम करना पड़ रही है क्योंकि वहां जीवन रक्षक गैस की कमी है। मंत्रालय ने अदालत में दायर अपने हलफनामे में कहा है कि दिल्ली में मेडिकल ऑक्सीजन की क्षमता को बढ़ाने की खातिर पीएम केयर्स फंड की मदद से आठ प्रेशर स्विंग अड्सॉर्पशन (पीएसए) ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र लगाए जा रहे हैं। उसने कहा, ''इन संयंत्रों की मदद से मेडिकल ऑक्सीजन की क्षमता 14.4 मीट्रिक टन बढ़ जाएगी।'' अदालत 19 अप्रैल को कोविड-19 के संबंध में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

रामनवमी (21 अप्रैल) पर विशेष

# मर्यादा पुरूषोत्तम क्यों कहलाए राम? सत्य, न्याय एवं सदाचार के प्रतीक हैं श्रीराम

**योगेश कुमार गोयल**

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्यौहार समूचे भारतवर्ष में अपार श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं तथा अयोध्या स्थित सरयू नदी में पवित्र स्नान कर पंचकोसी की परिक्रमा करते हैं। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आती है और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ती है। देशभर में अन्य स्थानों पर भी जगह-जगह इस दिन श्रद्धापूर्वक हवन, व्रत, उपवास, यज्ञ, दान-पुण्य आदि विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। हालांकि इस वर्ष फिर से बढ़ते कोरोना संक्रमण के चलते ऐसे आयोजन ज्यादा धूमधाम से मनाए जाने की संभावना कम ही रहेगी लेकिन भीड़-भाड़ से बचकर लोग अपने घर में भी अपने आराध्य देव के जन्मोत्सव को श्रद्धापूर्वक मना सकते हैं।

विभिन्न हिन्दू धर्मग्रंथों में कहा गया है कि श्रीराम का जन्म नवरात्र के अवसर पर नवदुर्गा के पाठ के समापन के पश्चात् हुआ था और उनके शरीर में मां दुर्गा की नवीं शक्ति जागृत थी। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। वाल्मिकी रामायण के अनुसार, ''भगवान श्रीराम चन्द्रमा के समान अति सुंदर, समुद्र के समान गंभीर और पृथ्वी के समान अत्यंत धैर्यवान थे तथा इतने शील सम्पन्न थे कि दुखों के आवेश में जीने के बावजूद कभी किसी को कटु वचन नहीं बोलते थे। वे अपने माता-पिता, गुरूजनों, भाईयों, सेवकों, प्रजाजनों अर्थात् हर किसी के प्रति अपने स्नेहपूर्ण दायित्वों का निर्वाह किया करते थे। माता-पिता के प्रति कर्त्तव्य पालन एवं आज्ञा पालन की भावना तो उनमें कूट-कूटकर भरी थी। उनकी कठोर से कठोर आज्ञा के पालन के लिए भी वह हर समय तत्पर रहते थे।''

श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया।

महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मर्यादा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े।

वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14000 राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया।

कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए।

वास्तव में विधि के विधान के अनुसार राम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें 'मर्यादा पुरूषोत्तम' कहा गया।

जहां तक राम-रावण के बीच हुए भीषण युद्ध की बात है तो वह सिर्फ दो राजाओं के बीच का सामान्य युद्ध नहीं था बल्कि दो विचारधाराओं का संघर्ष था, जिसमें एक मानव संस्कृति थी तो दूसरी राक्षसी संस्कृति। एक ओर क्षमादान की भावना को महत्व देने वाले व जनता के दुख-दर्द को समझने एवं बांटने वाले वीतरागी भाव थे तो दूसरी ओर दूसरों का सब कुछ हड़प लेने की राक्षसी प्रवृत्ति। रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के। यही नहीं, सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मर्यादाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी। उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था।

मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी 'आदर्श' शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को 'रामराज्य' कहकर परिभाषित किया जाता है। 'रामराज्य' यानी सुख, शांति एवं न्याय का राज्य। रामनवमी पर्व वास्तव में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की गुरू सेवा, माता-पिता की सेवा व आज्ञापालन, जात-पात के भेदभाव को मिटाने, क्षमाशीलता, भ्रातृप्रेम, पत्नीव्रता, न्यायप्रियता आदि विभिन्न महान् आदर्शों एवं गुणों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है।

## श्रीराम जन्मोत्सव

माँ कौशल्या को बधाई हो
प्रभु गोद में उनकी सोते हैं
श्रीराम प्रकट हो आए हैं
साकेत में उत्सव होते हैं।

मेरे राम बड़े हीं दयालु हैं
हम सब पे यह उपकार किया
जिसको तरसे सब ऋषि मुनि
माता को वह अधिकार दिया
दर्शन को भोले आए हैं
बड़े देख देख खुश होते हैं।
श्रीराम प्रकट हो आए हैं
साकेत में उत्सव होते हैं।

नयनों की शोभा मत पूछो
जलते हैं इन से बादल भी
बड़ी सजल और कजरारी हैं
मैया ने लगाया काजल भी
गले वनमाली ने हार दिया
कैसे पहने अभी छोटे हैं।
श्रीराम प्रकट हो आए हैं
साकेत में उत्सव होते हैं।

दुष्टों में हाहाकार मची
पीले पड़ते जाते ज्वर से
सब नगर निवासी हर्षित हैं
खुशियों के बादल जो बरस
संतों ने दर्शन से पहले
सरयू में लगाए गोते हैं।
श्रीराम प्रकट हो आए हैं
साकेत में उत्सव होते हैं।

यह चैत शुक्ल की नवमी है
दशरथ के घर जो आए प्रभु
प्यारी लीला उन्हें बचपन की
जो मंद मंद मुस्काए प्रभु
मधुकर भी मगन हो गाता है
प्रभु भाव में ऐसे भिगोते हैं।
श्रीराम प्रकट हो आए हैं
साकेत में उत्सव होते हैं।

**मधुकर वनमाली**
**मुजफ्फरपुर बिहार**

## समर्पण से लबालब प्रेम

तुमसे मेरी वह प्रेमिल-सी मुलाक़ात
जैसे कोई खूबसूरत-सी ग़ज़ल
जो अब तक गुनगुनाई नहीं गई हो

जैसे कोई झील का कंवल
जिसकी पंखुड़ियों में बंध गए हो जैसे
दो खूबसूरत दिलों के मन के भँवरे

जैसे सुबह की किसी पहली किरण के
एक स्पर्श से ही खिल गया हो
बंद सूर्यमुखी का वह दिलकश फूल

किसी अंतहीन शुरुआत की तरह
यह देह से रूह तक का सफर
जैसे अंग-अंग हो गया हो स्वर्णिम
तुम जैसे पारस की छुअन भर से ही

इस तरह से
तेरा मन से मन को लाँघना
हृदय से हृदय को बाँधना
इसके अलावा
और कुछ भी तो नही था वहाँ
ना तुम, ना मैं और ना ही कोई और
बस, था तो सिर्फ और सिर्फ
हमारा निस्वार्थ और शर्त रहित प्रेम
समर्पण से लबालब



**मीनाक्षी कुमावत मीरा**

## मां दुर्गा

मां दुर्गे की करो अराधना।
पूर्ण करेंगी मां मनोकामना।
जो सच्चे मन से ध्यान धरे,
पूर्ण होती उसकी साधना।
भक्तों की खातिर मां ने अवतार लिया।
अत्याचारी महिषासुर का संहार किया।
जब-जब दानव करें अत्याचार, अनीति,
अलग-अलग मां ने तब तब रुप लिया।
माता का दिव्य रुप है निराला।
सब भक्तों को मोहने वाला।
दानव दलन से रक्षा कर, के,
सब मनोरथ देने वाला।
विश्व रुप मां इक बार फिर धरो,
खाली झोलिया सबकी मां भरो।
जगत फैला चहुंओर अंधियारा,
कोरोना सुर का मां संहार करो।



**प्रेमा पटेल**
**एयरपोर्ट कालोनी बाबतपुर वाराणसी**

## आप से करे एक विशेष निवेदन

आप से करे एक विशेष निवेदन,
आप अपने साथ लंबी फ़ौज क्यों लाते हो।

पहले आप हाथ जोड़े निरीह से याचक थे,
अब भक्षकों के साथ घूमते पाए जाते हो।

लोगो ने कहा जमीन से जुड़ जाओ कुछ कर जाओ,
आप आसानी से सब की जमीन,हथिया लेते हो।

अब जनता कहती है की आप है देश के लिए,
देश के हो, देश को क्यो बर्बाद कर जाते हो।

जनता का ये हाल किया, देश का क्या हाल करोगे,
क्या सारा पैसा स्विस बैक में जमाकर आते हो।

पहले नेता कसम खाते है बेटे, बेटियों की,
अब कसम खाते हो दंगो में कटे मांस,बोटियों की ।

पहले नौकरी के बदले लेते थे रिश्वत,
अब नौकर की पूरी जिंदगी ही खा जाते हो।

पहले गांधी टोपी माथे ,सर पर होती थी
अब गांधी छाप नोट खुद ही छापते हो।

पहले नम्रता, पूजा, श्रद्धा से हाथ जोड़ते जनता से,
जनता के सामने पूजा -श्रद्धाओं को उठा लाते हो।

जनता खोजती रही सालों साल हर जगह,
चुनाव के बाद जाने कहा गायब हो जाते हो।

**संजीव ठाकुर,**
**कवि,चौबे वोलोनी,**
**रायपुर**

## बिगड़ते हालात और ये मंजर

हर जीव वनस्पति हुई है शिकार
जो दर्जे में जितना बड़ा है..
उसकी पीड़ा उतनी अधिक बड़ी।

बच्चे परेशान हैं माहौल से
खेलकूद और दोस्तों से दूर
किसी एक जगह पर सिमटे
ज़िंदगी को ढोते हुए....।

युवा वर्ग झेल रहा है दर्द
राजनीति की गंदी मार
अव्यवस्था और आडम्बर में
आजीविका से त्रस्त
प्रेम का विछोह सहते हुए..।

बुजुर्गों में फैला है खौफ़
परिस्थितियों से सहमे हुए हैं
याद करते हैं अपना बचपन
खोजते हैं सुकून के पल
परिवार का प्रेम, एकजुटता
खाली दीवार ताकते हुए..।

बेशक सबकी कहानी दर्द भरी है
चाहे वह छोटा बच्चा हो..
जवान ,अधेड़ या बुजुर्ग
अपने-अपने हिस्से में सबको
भरपूर पीड़ा मिली है।




**शिवानी त्रिपाठी 'सोना'**

## दीदी जीजू को वैवाहिक वर्षगाँठ की हार्दिक शुभकामनाएं बधाइयाँ

अपनी तो बस दुआ है कोई गिला नहीं।
वह फूल जो आज तक खिला नहीं।
राधा रानी आपको वो सब कुछ दें,
जो आज तक किसी को मिला नहीं।

मैं भी हूँ खुश बहुत उनके, खुशी जीवन में आई है।
महकती वो रहें हर पल, उन्हें लाखों बधाई है।
ऐ रब तुझसे सदा उनके सुहागन की दुआ मांगू,
मुझे भी जब हंसी आई, कि जब वो मुस्कुराई है।

सदा आशीष वो देते,सदा ही प्यार पाया है।
रहें वो खुश सदा ईश्वर,यही तुझसे मनाया है।
मेरे जीजा जी पापा से व दीदी माँ से बढ़कर हैं,
इन्हीं दोनों के चरणों मैं, हमारा जग समाया है।



**शिवम सिंह तोमर**
**इटावा उत्तर प्रदेश**

# दिल्ली : स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा, अस्पतालों में बढ़ाए गए तीन गुना बेड

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा है कि अस्पतालों और कोरोना केंद्रों में बहुत तेजी से बेड बढ़ाए जा रहे हैं। पिछले 10 से 12 दिनों में तीन गुना से अधिक बेड बढ़ाए गए हैं। सत्येंद्र जैन ने कहा कि यहाँ कोरोना अस्पतालों में 18,923 बेड हैं और उसमें से 2426 बेड उपलब्ध हैं। अस्पतालों से अटैच कर कई केन्द्र में और बेड बढ़ाए जा रहे हैं। दिल्ली कोरोना एप पर उपलब्ध बेड देखे जा सकते हैं। केंद्र सरकार से सभी कंपनियों को रेमडेसिविर आपूर्ति की अनुमति देने की मांग की गई है, ताकि इसकी किल्लत खत्म हो सके। उन्होंने प्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि दिल्ली में बहुत कम दिनों का लॉकडाउन लगा है, दिल्ली छोड़ कर न जाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से स्कूलों और कम्युनिटी सेंटर में वैक्सीनेशन सेंटर खोलने की अनुमति दी जाती है, तो हम दिल्ली में तेजी से लोगों को वैक्सीन लगायी जा सकेगी।उन्होंने दिल्ली में कोरोना वायरस के मौजूदा हालात के संबंध में कहा कि कल दिल्ली में 23,686 नए केस आए और सकारात्मकता दर करीब 26 फीसद रही। कल दिल्ली में करीब 90 हजार लोगों के कोरोना टेस्ट (किए गए, जो पूरे देश के औसत से पांच गुना अधिक है। दिल्ली के कोविड अस्पतालों में कल तक कुल 18,231 बेड थे, जिनमें से तीन हजार बेड खाली थे। आईसीयू के लगभग 100 बेड उपलब्ध थे। उन्होंने कहा कि आज कोविड अस्पतालों में कुल 18,923 बेड हैं, जिसमें से 2462 बेड उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली सरकार और भी बेड बढ़ाने के प्रयास कर रही है। दिल्ली में बहुत तेजी के साथ बेड बढ़ाए जा रहे हैं। प्रतिदिन एक से डेढ़ हजार बेड बढ़ रहे हैं। आठ अप्रैल के आसपास करीब छह हजार बेड थे, जो आज बढ़ा कर करीब 19 हजार बेड कर दिए गए हैं। दिल्ली सरकार ने पिछले 10-12 दिनों में तीन गुना से भी अधिक बेड बढ़ा दिए हैं। दिल्ली में बहुत ही आश्चर्यजनक तरीके से कोरोना के मामले आए हैं। जैन ने कहा कि पिछले तीन-चार दिनों से प्रतिदिन करीब 25 हजार मामले आ रहे हैं। इसी तरह देश में भी करीब ढाई लाख मामले प्रतिदिन आ रहे हैं। कॉमनवेल्थ गेम विलेज समेत कई अन्य सेंटर भी कोरोना बेड बढ़ाए गए हैं। हम दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों के साथ इन्हें संबद्ध करके बेड बढ़ा रहे हैं। दिल्ली कोरोना एप में कोविड बेड की उपलब्धता देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार वैक्सीनेशन के लिए व्यापक तरीके से तैयारी करेगी। दिल्ली में पहले से ही 500 से अधिक वैक्सीनेशन सेंटर हैं। सेंटर और बढ़ाये जाएंगे। केंद्र सरकार से वैक्सीनेशन सेंटर खोलने में भी रियायत देने की मांग की गयी थी। स्कूलों और कम्युनिटी सेंटर में वैक्सीनेशन सेंटर खोलने की अनुमति मांगी गयी थी। अगर यह अनुमति मिल जाती है, तो बहुत तेजी से वैक्सीनेशन किया जा सकेगा। वैक्सीन खरीदने के लिए अपने बजट में पैसे का प्रावधान किया गया है। सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली में बहुत तेजी से अधिक मामले आए। इसलिए हर व्यक्ति को अब डर लग रहा है और अब सभी लोग टेस्ट कराना चाहते हैं। टेस्ट कराने से महत्वपूर्ण यह है कि उसकी रिपोर्ट जल्द आनी चाहिए। अगर टेस्ट रिपोर्ट ही छह दिन बाद आएगी, तो उसका कोई उपयोग नहीं होगा। दिल्ली में पूरी क्षमता का उपयोग किया जा रहा है, जिनको कोरोना संक्रमण के लक्षण हैं, टेस्ट में उनको ही प्राथमिकता दी जा सकती है। दिल्ली में प्रतिदिन करीब एक लाख टेस्ट हो रहे हैं।

# दिल्ली गुरूद्वारा कमेटी ने कोरोना की नई लहर के चलते मरीज़ों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दिल्ली में लंगर सेवा पुनः शुरू की

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी ने राष्ट्रीय राजधानी में नई लहर के कारण कोरोना मरीज़ों की बढ़ती संख्या के बाद लंगर सेवा पुनः शुरु कर दी है। दिल्ली सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरूद्वारा बंगला साहिब से लंगर सेवा पुनः शुरू किए जाने की स्वयं निजी तौर पर निगरानी की। उन्होंने बताया कि कोरोना पीड़ित परिवार जो स्वंय खाना नहीं बना सकते या खाने का इंतज़ाम नहीं कर सकते, उनके घरों तक पैक किए हुए लंगर के पैकेट पहुंचाये जा रहे हैं। दिल्ली गुरूद्वारा कमेटी ने इस सबंध में हेल्पलाइन नंबर शुरु किए हैं तथा जिन परिवारों को अपने घरों में लंगर चाहिए वह इन फोन नंबरों के माध्यम से दिल्ली गुरूद्वारा कमेटी से संपर्क कर सकते हैं और कमेटी सुनिश्चित करेगी कि इनके घरों तक लंगर पहुँचे। उन्होंने बताया कि आज लंगर सेवा पुनः शुरु करने का पहला दिन था और दिल्ली गुरूद्वारा कमेटी की टीमों ने उन परिवारों तक लंगर पहुँचाया जिन्होंने हमसे संपर्क किया था। उन्होंने बताया कि पौष्टिक, सेहतमंद व स्वादिष्ट लंगर जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचाया जा रहा है और जो टीमें लंगर के पैकेट पहुँचा रही हैं उन्होंने पी.पी.ई किट व अन्य सुरक्षा इंतजाम किए हुए हैं।

स. सिरसा व स. हरमीत सिंह कालका ने बताया कि घरों तक लंगर की होम डिलीवरी के अलावा राष्ट्रीय राजधानी में गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए भी लंगर पहुँचाया जा रहा है। बड़ी गिनती में मज़दूरों ने हमारी टीमों से लंगर के लिए संपर्क किया था और यह टीमें ऐसे जरूरतमंदों को लंगर बाँट रही हैं। दोनों नेताओं ने बताया कि दिल्ली गुरूद्वारा कमेटी गुरू साहिबान के दर्शाए मार्ग पर चल रही है और यह सुनिश्चित बनाएगी कि राष्ट्रीय राजधानी में कोई भी भूखा पेट ना सोये। उन्होंने कहा कि हम प्रतिदन 1 या 2 लाख जितनी भी जरूरत हो उतने लोगों को लंगर छकाने के लिए तैयार हैं और हमने इसी हिसाब से तैयारी भी की हुई हैं । कोरोना पीड़ित परिवारों को अगर अपने लिए खाने का प्रबंध करने में मुश्किल आ रही है तो वह हमारे द्वारा मुहैया करवाए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। उन्होंने पुनः नंबर जारी करते हुए कहा कि जरूरतमंद लोग 9811914050, 9810183038, 9953086923, 9312521855 और 9990033655 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं।

## कोरोना से संक्रमित हवलदार की मौत, अब तक 36 पुलिस कर्मियों की गई जान

नई दिल्ली। कोरोना संक्रमण की चपेट में एक बार फिर दिल्ली पुलिस के जवान आ रहे हैं। मंगलवार तड़के कोरोना से संक्रमित दिल्ली पुलिस के एक हवलदार की मेरठ में मौत हो गई। हवलदार हरीश अभी समयपुर बादली थाने में तैनात था। इससे पहले वह नरेला थाने में कार्यरत थे। कोविड से अभी तक 36 पुलिसकर्मियों की दिल्ली में मौत हो चुकी है। बाहरी उत्तरी जिले के डीसीपी राजीव रंजन के अनुसार, हवलदार हरीश कुमार समयपुर बादली थाने में तैनात था। बीते सप्ताह तबियत खराब होने के चलते उसने मेडिकल रेस्ट लिया था।

जांच के दौरान हरीश के कोरोना से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। ज्यादा तबियत खराब होने पर परिवार के सदस्यों ने हरीश को मेरठ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां उपचार के दौरान मंगलवार तड़के हरीश ने दम तोड़ दिया। उसके परिवार की तरफ से इस बाबत दिल्ली पुलिस को जानकारी दी गई है।

अब तक 36 पुलिसकर्मियों ने गंवाई जान कोरोना संक्रमण के चलते अब तक दिल्ली पुलिस के 36 जवान अपनी जान गंवा चुके हैं। हाल के दिनों में कोरोना संक्रमण के चलते हरीश सहित दो पुलिसकर्मियों ने अपनी जान गंवाई है। वहीं 300 से ज्यादा पुलिसकर्मी बीते 10 दिनों के भीतर कोरोना से संक्रमित हुए हैं।

# त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के लिए बनाये गये 1276 मतदान केन्द्र

अमित पाठक (बहराइच)। जनपद के कुल 136 न्याय पंचायतों की 1045 ग्राम पंचायत के 13703 ग्राम पंचायत वार्डों, 1580 क्षेत्र पंचायत वार्डों तथा जिला पंचायत के 63 वार्डों हेतु होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 हेतु 2501251 मतदाता 1276 मतदान केन्द्र के 3856 मतदेय स्थलों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पंचायत निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु 32 ज़ोन तथा 262 सेक्टर बनाये गये हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 के पंचायत सामान्य निर्वाचन में 30 ज़ोन, 249 सेक्टर, 1166 मतदान केन्द्र तथा 3185 मतदेय बनाये गये थे। पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 हेतु ब्लाक जरवल के 10 न्याय पंचायतों की 78 ग्राम पंचायत के 1008 ग्राम पंचायत वार्डों व 109 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 96 मतदान केन्द्र के 253 मतदेय स्थलों पर 166254 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन क्षेत्र को 02 ज़ोन व 20 सेक्टरों में बॉटा गया है। कैसरगंज के 10 न्याय पंचायतों की 65 ग्राम पंचायत के 815 ग्राम पंचायत वार्डों व 83 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 77 मतदान केन्द्र के 210 मतदेय स्थलों पर 129668 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन क्षेत्र को 02 ज़ोन व 18 सेक्टरों में बॉटा गया है। हुज़ूरपुर के 10 न्याय पंचायतों की 78 ग्राम पंचायत के 992 ग्राम पंचायत वार्डों व 97 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 80 मतदान केन्द्र के 233 मतदेय स्थलों पर 152526 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन क्षेत्र को 02 ज़ोन व 20 सेक्टरों में बॉटा गया है। फखरपुर के 13 न्याय पंचायतों की 86 ग्राम पंचायत के 1108 ग्राम पंचायत वार्डों व 125 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 107 मतदान केन्द्र के 310 मतदेय स्थलों पर 200526 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन क्षेत्र को 03 ज़ोन व 19 सेक्टरों में बॉटा गया है। ब्लाक तेजवापुर के 09 न्याय पंचायतों की 73 ग्राम पंचायत के 965 ग्राम पंचायत वार्डों व 103 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 82 मतदान केन्द्र के 249 मतदेय स्थलों पर 166241 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन क्षेत्र को 02 ज़ोन व 18 सेक्टरों में बॉटा गया है। बलहा के 10 न्याय पंचायतों की 59 ग्राम पंचायत के 825 ग्राम पंचायत वार्डों व 119 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 79 मतदान केन्द्र के 299 मतदेय स्थलों पर 190093 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन क्षेत्र को 02 ज़ोन व 16 सेक्टरों में बॉटा गया है। महसी के 09 न्याय पंचायतों की 74 ग्राम पंचायत के 964 ग्राम पंचायत वार्डों व 113 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 89 मतदान केन्द्र के 276 मतदेय स्थलों पर 174699 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन क्षेत्र को 02 ज़ोन व 20 सेक्टरों में बॉटा गया है। शिवपुर के 10 न्याय पंचायतों की 68 ग्राम पंचायत के 924 ग्राम पंचायत वार्डों व 123 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 86 मतदान केन्द्र के 286 मतदेय स्थलों पर 190544 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन क्षेत्र को 03 ज़ोन व 18 सेक्टरों में बॉटा गया है। ब्लाक मिहींपुरवा के 10 न्याय पंचायतों की 86 ग्राम पंचायत के 1184 ग्राम पंचायत वार्डों व 185 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 138 मतदान केन्द्र के 467 मतदेय स्थलों पर 292779 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन क्षेत्र को 04 ज़ोन व 26 सेक्टरों में बॉटा गया है। नवाबगंज के 08 न्याय पंचायतों की 70 ग्राम पंचायत के 902 ग्राम पंचायत वार्डों व 98 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 85 मतदान केन्द्र के 239 मतदेय स्थलों पर 160995 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन क्षेत्र को 02 ज़ोन व 17 सेक्टरों में बॉटा गया है। चित्तौरा के 09 न्याय पंचायतों की 90 ग्राम पंचायत के 1170 ग्राम पंचायत वार्डों व 122 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 99 मतदान केन्द्र के 283 मतदेय स्थलों पर 188973 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन क्षेत्र को 02 ज़ोन व 18 सेक्टरों में बॉटा गया है। इसी प्रकार ब्लाक रिसिया के 10 न्याय पंचायतों की 74 ग्राम पंचायत के 980 ग्राम पंचायत वार्डों व 110 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 89 मतदान केन्द्र के 258 मतदेय स्थलों पर 172405 मतदाता वोट डालेंगे। निर्वाचन क्षेत्र को 02 ज़ोन व 18 सेक्टरों में बॉटा गया है। पयागपुर के 09 न्याय पंचायतों की 69 ग्राम पंचायत के 883 ग्राम पंचायत वार्डों व 89 क्षेत्र पंचायत वार्डों हेतु 78 मतदान केन्द्र के 226 मतदेय स्थलों पर 145796 मतदाता वोट डालेंगे।

## सिपाही भर्ती प्रक्रिया के लिए फिजिकल टेस्ट कैंसिल

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस में सिपाही भर्ती प्रक्रिया के तहत होने वाले फिजिकल टेस्ट को दिल्ली फिलहाल टाल दिया गया है। राजधानी में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के चलते यह फैसला लिया गया है। दिल्ली पुलिस द्वारा अब यह फिजिकल टेस्ट अप्रैल की जगह मई महीने में आयोजित किये जायेंगे। इस बाबत डीसीपी रिक्रूटमेंट की तरफ से सर्कुलर जारी किया गया है। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2020 में दिल्ली पुलिस सिपाही की भर्ती निकाली गई थी। एसएससी द्वारा बीते नवंबर माह में 5800 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इसका परिणाम भी घोषित किया जा चुका है। इसमें पास होने वाले परीक्षार्थियों को अब फिजिकल टेस्ट देना होगा और इसके बाद उनका मेडिकल टेस्ट होगा। इन दोनों टेस्ट को पास करने वालों को मेरिट के आधार पर दिल्ली पुलिस सिपाही के पद पर चयनित किया जाएगा। 17 मई से होंगे फिजिकल टेस्ट रिक्रूटमेंट डीसीपी श्वेता चौहान की तरफ से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि बीते मार्च महीने में दिल्ली पुलिस की तरफ से एक सर्कुलर निकाला गया था। इस सर्कुलर में सिपाही भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट 27 अप्रैल से आयोजित करने की बात कही गई थी। इसमें पुरुष और महिला दोनों कैंडिडेट शामिल थे।

# 235 मरीजों के लिए मसीहा बना दिल्ली पुलिस का यह अधिकारी, समय रहते ऑक्सीजन पहुंचाने में की मदद

नई दिल्ली। एक बार फिर दिल्ली पुलिस ने कोरोना से ग्रस्त मरीजों तक समय पर ऑक्सीजन की खेप पहुंचाकर 235 मरीजों की जान बचाई है। दिल्ली बाहरी जिले के एडिशनल डीसीपी सुधांशु धामा और उनकी टीम पश्चिमी विहार के एक्शन बालाजी अस्पताल में ऑक्सीजन की कमी होने की सूचना पर तुरंत हरकत में आ गई और आपातकालीन इंतजाम करने के साथ ही ऑक्सजीन लेकर आ रहे ट्रकों के लिए ग्रीन कॉरीडोर बनाकर उसे समय पर अस्पताल तक पहुंचाया और एक बड़े खतरे को टाल दिया। इसके लिए एडिशनल डीसीपी सुधांशु धामा और उनकी टीम की हर कोई तारीफ कर रहा है। जानकारी के मुताबिक रात तकरीबन 11:30 बजे पश्चिमी विहार के एक्शन बालाजी अस्पताल ने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को यह सूचना दी कि अस्पताल में ऑक्सीजन का लिक्विड गैस का टैंक क्रिटिकल स्टेज पर पहुंच चुका है जिसके चलते अस्पताल में भर्ती कोरोना के 235 मरीजों की जान खतरे में आ गई है। अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को यह भी बताया कि जो टैंकर 14000 लीटर ऑक्सीजन लेकर आरहा है वह ट्रक ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर और दूसरा टैंकर जो 5500 लीटर ऑक्सीजन लेकर आ रहा है वह फरीदाबाद में कोविड-19 की पाबंदियों के चलते फंसे हुए हैं। सुधांशु धामा ने आनन-फानन में दिल्ली पुलिस की एक टीम दिल्ली नोएडा बॉर्डर और दूसरी टीम दिल्ली फरीदाबाद बॉर्डर पर टैंकरों को लाने के लिए भेज दी इसके साथ ही एक टीम दिल्ली के बदरपुर बॉर्डर पर भी भेजी गई और साथ ही पुलिस वालों को ही आदेश दिया गया कि ऑक्सीजन लेकर जो ट्रक आ रहे हैं उनको जल्द से जल्द अस्पताल लाया जाए। ऑक्सीजन के टैंकरों को अस्पताल जल्द से जल्द पहुंचाने के लिए दिल्ली पुलिस ने बॉर्डर से अस्पताल तक का ग्रीन कोरिडोर बना दिया। इस बीच सुधांशु धामा ने आपात स्थिति से निपटने के लिए आसपास के 4 अस्पतालों से 40 ऑक्सीजन सिलेंडरों का इंतजाम किया ताकि मरीजों की जान बचाई जा सके। इसके लिए सुधांशु धामा ने सरोज हॉस्पिटल से 10, महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल से 15 सिलेंडर और वसंत कुंज के आईएलबीएस अस्पताल से पांच, फॉर्टिस हॉस्पिटल से10 सिलेंडर मंगवा कर बालाजी एक्शन अस्पताल में भिजवाए ताकि किसी भी कीमत पर कोरोना के मरीजों की जान पर कोई आफत न आए।

# दिल्ली में कोरोना के मौजूदा हालात के लिए केजरीवाल सरकार दोषी: हरीशंकर गुप्ता

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में कोरोना के बिगड़ते हालत को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा आयोजित वर्चुअल प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक हरीशंकर गुप्ता ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए दिल्ली के मौजूदा हालात पर अपनी चिंता जताते हुए कहा कि यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं है। लेकिन आज के हालात के लिए अरविंद केजरीवाल अपनी ज़िम्मेदारी से भाग नहीं सकते। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने पिछले सात सालों में केवल दो ही काम किए विज्ञापन व लालच देने का। उन्होंने कांग्रेस सरकार की तुलना वर्तमान केजरीवाल सरकार से करते हुए कहा कि हमने 35000 करोड़ की बजट में जितने विकास कार्य किए उसकी तुलना में यह सरकार 60,000 करोड़ के बजट में भी कोई विकास के काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि कोरोना को लेकर कोई अनुमान नहीं लगा सकता ये कब खत्म होंगे ऐसे में दिल्ली सरकार को तुरंत स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का काम करना चाहिए, उन्होंने केजरीवाल से माँग किया कि हर विधानसभा में लगभग 10 के आसपास डिस्पेंसेरी है उसके इन्फ्रा को विकसित करने का कार्य जो पिछले 7 सालों से ठप है उसे किया जाये, उन्होंने डिस्पेन्सरी के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक स्थाई संरचना में चल रहा है, जहाँ डॉक्टरों समेत तमाम सुविधाएं मौजूद है जिसे मौजूदा हालात को देखते हुए अगर जरूरी होता तो कुछ बेड के हस्पताल बनाए जा सकते थे; केजरीवाल सरकार द्वारा बनाए गए मोहल्ला क्लीनिक के बारे में बताया कि इससे दिल्ली को कोई लाभ नहीं हुआ।

संक्षिप्त समाचार

## गौ तस्करों ने गौ रक्षक के सदस्य को मारी गोली, घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया



अमित गोस्वामी (गोवर्धन)। थाना गोवर्धन क्षेत्र के अंतर्गत राधाकुंड मार्ग पर उस समय देर रात गौ तस्कर और गौ रक्षकों का आमना सामना हो गया जब गौ तस्कर एक गाय को उठाने का प्रयास कर रहे थे और गौरक्षक दल के लोगों ने गौतस्करों का विरोध किया। गाय को उठाने के दौरान हुए विरोध से नाराज गौतस्करों ने फायरिंग कर दी जिसमें एक गौरक्षक के घुटने पर गोली लगने से घायल हो गया। फायरिंग की घटना की सूचना मिलने पर इलाका पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी और घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही घटना की जाँच में जुट गई है। घायल गौरक्षक राहुल निवासी राधाकुंड का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है और सही उपचार न मिलने से उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के संबंध में घायल गौरक्षक ने बताया कि एक सूचना के आधार पर हम लोग गौतस्करों का विरोध करने पहुँचे थे लेकिन गौतस्कर फायरिंग कर गाय से भरी मैजिक को ले जाने में सफल रहे। उधर जिला अस्पताल में भर्ती घायल राहुल को भर्ती कर दिया गया है लेकिन अभी तक एक्स रे न होने की वजह से अभी राहुल का समुचित उपचार नही मिल पा रहा है।

## चुनावी दावत को लेकर बवाल, पुलिस पर हमला, कई पुलिसकर्मी घायल, एसएसपी ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश



अमित गोस्वामी (मथुरा)। थाना नौहझील ब्लॉक में जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी ने चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ा दी। वोटरों को लुभाने क लिए प्रत्याशी ने मुडिलिया गांव में दावत कर डाली और जब पुलिस उसे रोकने के लिए पहुंची तो उस पर लोगों ने हमला बोल दिया। थाना प्रभारी सहित कई पुलिसकर्मियों को पीटा।पुलिस पर हमले की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसएसपी ने इस मामले में कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुडिलिया गांव में जिला पंचायत के वार्ड संख्या 5 से चुनाव लड़ रहे एक प्रत्याशी के समर्थन में प्रधान द्वारा गांववासियों की दावत की जा रही थी। इसकी जानकारी थाना प्रभारी लोकेश भाटी को मिली। थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ दावत को रोकने के लिए पहुंचे।थाना प्रभारी चुनाव आचार संहिता का हवाला देते हुए दावत पर आपत्ति जताई। इस पर वहां मौजूद लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। थाना प्रभारी से धक्कामुक्की और हाथपाई कर दी। वहीं पुलिसकर्मियों को पीटा। इतना नहीं पुलिस की गाड़ी को तोड़ दिया। मौके पर पीएसी ट्रक भरकर पहुंची। इस पर गांववासी वहां से भाग गए। पुलिस पर हमला की जानकारी मिलने पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर और एसपी देहात श्रीश्चन्द्र मौके पर पहुंचे। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के लिए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आदर्श आचार संहित पूरे जनपद में लागू है। आज नौहझील के गांव मुडिलिया के प्रधान जो कि प्रत्याशी के रुप में पर्चा भरा है। कोविड और चुनाव आचार संहिता के नियमों के विरुद्ध लोगों को इकट्ठा कर यहां दावत कर रहा था। इस जानकारी पर पुलिस यहां पर पहुंची। पुलिस ने जब उसे रोका तो पुलिस का विरोध किया। पथराव भी किया गया। इस घटना को जिला पुलिस द्वारा बहुत ही गंभीरता से लिया जा रहा है। किसी भी पुलिसकर्मी के साथ अभद्रता बहुत ही गंभीर विषय है। इस संबंध में सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। काफी लोगों को चिह्नित किया गया है। जो भी व्यक्ति इसमें संलिप्त होंगे पुलिस द्वारा उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 22 अप्रैल से ज़िला बांके में एक सप्ताह का लाकडाउन

अमित पाठक /श्याम कुमार मिश्रा (रुपईडीहा / बहराइच)। नेपाल के ज़िला बांके में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए एक सप्ताह का लाकडाउन लगाने का निर्णय लिया गया है।जो कि बृहस्पतिवार 22 अप्रैल से शुरू होगा और 29 अप्रैल तक रहेगा। मंगलवार की दोपहर ज़िला कोविड-19 प्रबंधन समिति की इस बैठक में बढ़ते कोरोना संक्रमण की रोकथाम व इस महामारी से निपटने हेतु चर्चा की गई।बैठक में ज़िले के स्वास्थ्य विशेषज्ञों राजनीतिक दलों,व्यापार प्रतिनिधियों,मीडियाकर्मियों व राजनैतिक दलों के स्थानीय नेताओं ने भाग लिया।जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बांके जिले में एक सप्ताह का सम्पूर्ण लाकडाउन लगा दिया जाना चाहिए।बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुये जिलाधिकारी शिवराम गेलाल ने बताया कि बांके में स्कूलों, स्वास्थ्य क्लबों, स्विमिंग पूल, मनोरंजन क्षेत्रों और अन्य स्थानों में कोरोना संक्रमण की दर में तेजी से वृद्धि के कारण संघीय सरकार से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार जिले में एक सप्ताह का लाकडाउन लगाया जा सकता है।

# नगर पालिका अध्यक्ष पद की पुनर्मतगणना में तीसरी बार भी जीते श्याम सुंदर





संत कबीर नगर (नवनीत मिश्र) न्यायालय के आदेश पर हुए पुनर्मतगणना में एक बार फिर नगर पालिका परिषद खलीलाबाद पर 157 वोटों से चेयरमैन श्याम सुंदर वर्मा ने कब्जा बरकरार रखा।ज्ञात हो कि न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट-प्रथम द्वारा चुनाव याचिका संख्या 01/2017 जगत बनाम श्याम सुंदर वर्मा आदि में पारित आदेश में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2017 में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद की पुनर्मतगणना 10 फरवरी 2021 को हुई थी, जिसने श्याम सुंदर विजयी रहे। उसके पश्चात पूर्व चेयरमैन जगत जायसवाल ने पुनः सात मार्च को मतगणना में गड़बडी का आरोप लगाते हुए पुर्न विचार याचिका दाखिल कर दी। मा0 न्यायालय ने पांच अप्रैल को याचिका पर सुनवाई करते हुए पुनर्मतगणना के परिणाम को निरस्त कर दिया और 15 दिवस के भीतर न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में पुनर्मतगणना जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जनपद न्यायाधीश के परामर्श से नियुक्त न्यायिक अधिकारी की उपस्थिति में मतगणना कराने का आदेश दिया। जिसके क्रम आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में वीडियो सर्विलांस के बीच 23,340 मतों की गिनती हुई। जिसमें पुनः श्याम सुंदर वर्मा ने 157 मतों से जगत जयसवाल को चित किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जिसमें 3 क्षेत्राधिकारी, 11 इंस्पेक्टर, 36 सब इंस्पेक्टर और लगभग 250 कांस्टेबल सहित अन्य लोग सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए थे। परिणाम घोषित होते ही पालिका अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर वर्मा के समर्थकों शुभचिन्तकों व भाजपा के नेता व कार्यकर्ताओं उन्हे बधाई देते हुए मुँह मीठा कराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्व श्री वैभव चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव, पूर्व महामंत्री जगदंबा लाल श्रीवास्तव, विजय कुमार राय, रीतेश त्रिपाठी, युवा नेता अरविंद पांडेय, विशाल श्रीवास्तव, हरिशंकर सिंह, ब्रह्मानंद पांडेय सहित अनेकों समर्थक उपस्थित रहे।

# कंपाउंड हर्बल थेरेपी में युवाओं का बढ़ रहा रुझान



नई दिल्ली (डॉ शम्भू पंवार)युवाओं का कंपाउंड हर्बल थेरेपी में रुझान बढ़ रहा है। कंपाउंडेबल थेरेपी हर्बल थेरेपी एक ऐसी थेरेपी है जिसमें हमारे भारतवर्ष में पाए जाने वाले पौधों के फूल,पत्ते,जड़ और छाल इत्यादि के एसट्रेक्ट निकाल कर उनसे दवाई निर्मित कर इलाज किया जाता है।यह पद्धति पूर्ण रूप से भारतीय शुद्ध शाकाहारी और प्राचीन वैदिक पद्धति है जिसके कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है तथा असाध्य रोगों को भी पूर्ण रूप से आसानी से ठीक किया जा सकता है। यह उद्गार दहकोरा,झझर में एसएमकेडी इलेक्ट्रोहोम्योपैथी कम्पाउंड,हर्बल मेडिकल इंसिट्यूट एवं रिसर्च सेंटर के प्रबंधक डॉ. जेबी रुहिल ने व्यक्त किये।वे सेंटर में प्रशिक्षणर्थियो को संबोधित कर रहे थे।डॉ रुहिल ने बताया हमारे संस्थान ने गहरे शोध और परीक्षणों के बाद एक नई औषध नैनो न्यूट्रिशन का आविष्कार किया है। जिसका कंपाउंड हर्बल थेरेपी चिकित्सा में बहुत ही विशेष रिजल्ट आ रहा है इससे मरीजों का उपचार करने में हमें बहुत ही उत्साहवर्धक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। संस्थान में शोध के कार्य निरंतर और अनवरत रूप से चलते रहते हैं।जिसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों से डॉक्टरों की एक विशेष टीम का गठन किया गया है जिसमें वे सभी विभिन्न राज्यों में रहकर अपने अपने क्षेत्र में हो रही बीमारियों के बारे में गहन अध्ययन करते हैं और उसके बाद उनकी दवाओं को लेकर परीक्षण करते हैं।इसी दिशा में समय -समय पर संस्थान में सेमिनार का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी सदस्य अपने अपने क्षेत्र में किए गए कार्यों का विस्तृत वर्णन देते हैं और नई योजनाओं को स्वरूप देते हैं या यूं कहें कि कार्य क्षेत्र को बढ़ाने के लिए नवीन योजनाएं तैयार करते है। संस्थान के प्रबंधक डॉ जेबी रुहिल ने बताया संस्थान का मुख्य उद्देश्य यही है की यह पद्धति जनमानस तक सरलता से पहुंचे और भारतवर्ष के अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सके। संस्थान की लैब में दवाओं का निर्माण किया जाता है।तथा प्रशिक्षणर्थियो को डॉ सुशीला बिस्वास,डॉ विनोद कुमार,डॉ देवेंद्र,डॉ सतीश चंद्र,डॉ सुलेख सहित 10 डॉक्टरों की टीम द्वारा दवाओं का कैसे उत्पादन किया जाता है,कैसे दवाओं पहचान की जाती है और मरीज कैसे देखे जाते हैं उसका पूरी तरह प्रशिक्षण दिया जाता है।प्रशिक्षणर्थियो को समय-समय पर दवाओं की खोज के लिए हर्बल पार्क एवं औषधीय वन अनुसंधान केंद्र (उत्तराखंड, हरियाणा) में ले जाया जाता है जिससे उन्हें दवाओं को स्वयं खोजने में आसानी रहे और असली औषधि उनको मिल सके।संस्थान में योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रो होम्योपैथी, एवं कम्पाउंड हर्बल थेरेपी सहित अन्य कोर्स करवाये जाते है।

# दो दिन पूर्व गांव से गायब हुए युवक का गांव के ही खेतों में मिला शव



अमित गोस्वामी (मथुरा)। छाता तहसील के गांव खायरा में मंगलवार की करीब सुबह नो बजे गांव के ही पास खेतों में बनी नाली के पास एक युवक का शव मिला। जिसे देखते ही गांव में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पहले कन्हैया पुत्र राजू निवासी बलदेव उम्र करीब 18 वर्ष अपनी बुआ गुड्डी पत्नी नटवर निवासी खायरा के यहां करीब एक महीने से रह रहा था। नटवर के पुत्र मुकेश ने बताया कि दो दिन पहले मैं और मृतक कन्हैया खेत से आ रहे थे तभी वह रास्ते में दुकान से सामान लेने के लिए रुक गया और मैं अपने घर चला गया।जब काफी समय हो गया तो कन्हैया घर नहीं लौटा तो उन्होंने इधर उधर उसकी तलाश की काफी तलाश करने के बाद भी उन्हें कन्हैया नहीं मिला।जिसकी उन्होंने सूचना थाना छाता कोतवाली को दी और एक गुमशुदा का प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए गुहार लगाई। गुमशुदा का मुकदमा दर्ज हुआ भी नहीं था कि रोजाना की तरह वह खेतों पर और आसपास उसे ढूंढ रहे थे तो उन्हें अपने खेतों के पास मोहन कुम्हेरिया के खेतों को जाने वाली नाली में मृतक कन्हैया का शव मिला। इसकी सूचना उन्होंने स्थानीय पुलिस को दी।घटना की सूचना पाकर मौके पर एसपी देहात श्रीचंद क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार इंस्पेक्टर रवि त्यागी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया।वहीं एसपी देहात ने बताया है। कि खायरा के जंगलों में कन्हैया पुत्र राजू निवासी बलदेव का शव मिला है।जिसमें थाना छाता पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। वही खायरा निवासी प्रेम सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले कन्हैया और उसके गांव के रहने वाले राहुल का आपस में झगड़ा हो गया था।इस दौरान उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई थी।झगड़े की वजह से ही वह अपनी बुआ के यहां रह रहा था।दो दिन पहले अचानक जब वह गायब हो गया और उसका शव उन्हें खेतों पर नाली में पड़ा मिला है। प्रेम सिंह ने यह भी बताया कि उसके साथ पहले मारपीट की गई है।जिसकी वजह से उसके हाथ पैर टूटे हुए थे और उसके ऊपर तेजाब छिडका हुआ था। गले में गमछे का फंदा लगा हुआ मिला है। इस घटना को देखकर खायरा निवासियों में काफी रोष व्याप्त है। गांव वालों ने प्रशासन से इस मामले पर जल्द से जल्द खुलासे एवं दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की है।

# 10 घण्टे के अंतराल में दो सगे भाइयों की आकस्मिक मौत से दहला बिशेश्वरगंज, परिवार सहित क्षेत्र में मचा कोहराम

अमित पाठक (बहराइच)। बिशेश्वरगंज थानांतर्गत पुरैना बाजार निवासी देवेश मिश्रा के दो बेटों की मौत से बाजार समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद बहराइच के थाना विशेश्वरगंज के पुरैना कस्बा निवासी देवेश मिश्रा के दोनों बेटों की अपरिहार्य कारणों से अचानक तवियत विगड़ने के कारण आननफानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी विशेश्वरगंज लाया गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद हालात में सुधार न होने के कारण डाक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया जहाँ डाक्टर व अस्पताल प्रशाशन के द्वारा पर्याप्त उपचार न मिलने के कारण सोमवार देर शाम पवन मिश्रा की मौत हो गयी। वही हालात की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल




प्रशाशन ने दूसरे मरीज विपिन मिश्रा को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया जहाँ छोटे भाई की मृत्यु के लगभग दस घंटे के बाद बड़े भाई विपिन मिश्रा की भी मौत हो गयी। बताते चले कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य स्व0 राम समुझ मिश्रा के पौत्र विपिन मिश्रा पेशे से अधिवक्ता व विशेश्वरगंज के अमरउजाला दैनिक के सम्मानित पत्रकार थे। अपने पीछे पत्नी समेत 09 वर्ष के बेटे दिव्यांश को छोड़ गए।स्व0विपिन मिश्रा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रधान पद प्रत्याशी का नामांकन दाखिल किया था। सूत्रों के द्वारा मिली खबर के अनुसार विपिन मिश्रा ब्लाक विशेश्वरगंज में पर्चा जांच करवा ही रहे थे कि अचानक तवियत विगड़ गयी वहीं दूसरी तरफ यह खबर मिली कि इनके भाई की भी तवियत खराब है। पवन मिश्रा के बारे में जानकारी मिली कि पुरैना बाजार में मोबाइल की दुकान चलाते थे। अपने पीछे पत्नी समेत 04 वर्ष की पुत्री नैनसी व 09 माह का पुत्र वीरांश को पीछे छोड़ गए।उल्लेखनीय है कि इन तरह दो सगे भाइयों की एक ही समय पर तवियत बिगड़ना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है,वही लोग तरह तरह की बाते भी कर रहे है।

# नेपालगंज के माँ बागेश्वरी मंदिर में हैं भक्तो की अपार आस्था, कोरोना महामारी के कारण इस बार भी बाहर से नहीं पहुंच सके माँ बागेश्वरी दर्शन के लिए श्रद्धालू

अमित पाठक/ श्याम कुमार मिश्रा (रुपईडीहा / बहराइच)। भारत- नेपाल सीमा से लगभग 4 किलोमीटर दूर नेपाल के बांके जिले के नेपालगंज शहर में स्थित मां बागेश्वरी का मंदिर दोनों देशों के हजारों श्रद्धांलुओ की आस्था का केंद्र हैं। शारदीय व चैत नवरात्र में यहां हजारो की संख्या में भक्तगण बहराइच, बाराबंकी, लखनऊ,गोण्डा, लखीमपुर, सीतापुर आदि स्थानों से भारी संख्या में आकर माँ की पूजा अर्चना करते हैं परन्तु कोरोना महामारी के कारण पिछली बार व इस बार माँ बागेश्वरी के दर्शन के लिए बहुत कम ही लोग पहुँच सके। इस मंदिर में वर्तमान समय में 24 वीं पीढ़ी के महंत हरिहर दास योगी व चंद्र नाथ योगी पीठासीन हैं। इस मंदिर की ऐतिहसिक महत्व के बारे में लगभग 30 वर्षों से निस्वार्थ रूप से मां की पूजा अर्चना करते हुए रुपईडीहा बाजार के निवासी भवानी भक्त डॉ सनत कुमार शर्मा का विश्वास है की मां बागेश्वरी का दर्शन करने असद कार्य भी साध्य हो जाते हैं। मां बागेश्वरी की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तों को इस स्थान के महत्त्व का वर्णन करते हुए डा0 श्री शर्मा बताते हैं कि पूर्व में यह स्थान एक वीरान जंगल के रूप में था और यह एक छोटा सा मंदिर था जहां एक शेर रहता था।एक दिन चरवाहे ने शेर को खदेड़ा जिस पर वह वहां से भागकर एक गुफा में घुस गया उन्होंने शेर को गुफा से बाहर निकालने का भरसक प्रयास किया। लेकिन वह नहीं निकला कई दिनों के बाद उस स्थान की खुदाई की गई तो



वहां पर मां दुर्गा की जीव के आकार की वस्तु दिखाई दी जो आज भी इस मंदिर के गर्भगृह मैं विद्यमान है। मंदिर के इस गर्भगृह की गहराई का आज तक अनुमान नहीं लगाया जा सका है। गर्भगृह मैं ऊपर तक जल भरा रहता है जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस शक्तिपीठ का गर्भगृह पाताल लोक से जुड़ा हुआ है। जिससे वहां सदैव जल भरा रहता है। वर्षों 1267 के आसपास इनकी उत्पत्ति मानी जाती है। इस मंदिर के पुजारी वर्तमान समय में नाथ संप्रदाय के हैं यह मूल रूप से आदिनाथ है जो भगवान शिव के ही विग्रह है उनको ही अपना ईस्ट मानते हैं। कालांतर में शक्ति माता वलम्बियो के दो भाग हुए जिसमें गोरखनाथ पीठ गोरखपुर पाटेश्वरी पीठ बलरामपुर का स्थान प्रमुख है महंत कीनाराम के द्वारा प्रतिपाद्य अघोर धर्म भी इन्हीं की शाखाओं में से एक है वर्तमान में नेपाल के पश्चिमोत्तर क्षेत्र का यह प्रमुख मंदिर है। यहां पर नेपाली समुदाय के लोग सत्त्व शारदीय नवरात्र में विशेषकर परिणय सूत्र का कार्यक्रम करते देखे जा सकते हैं। डॉक्टर शर्मा बताते हैं कि सीमा बाघसुरी की प्रतिमा परंपरागत रूप से पूजित चली आ रही है मां बागेश्वरी के स्थान के संबंध में मार्कण्डेय पुराण में श्री दुर्गा सप्तशती में उल्लेख इस प्रकार से है कि त्वचा बागेश्वरी रक्षेत। यानि त्वचा मां बागेश्वरी सदा रक्षा करती है। रुपईडीहा कस्बा निवासी माँ भक्त अर्जुन कुमार अमलानी बताते है कि शारदीय व चैत्र नवरात्रो में मेरे साथ एडवोकेट धनश्याम दीक्षित, बीडी वर्मा,मनोज पाठक आदि डा0 सनत कुमार शर्मा के नेतृत्व में सप्तमी कालरात्रि के दिन मंदिर जागरण हेतु जाया करते थे। परन्तु इधर डेढ़ वर्ष से कोरोना संक्रमण के कारण माँ के दरबार में नहीं जा सके। जिससे हम लोग बहुत दूखी हैं। इस मंदिर के वर्तमान पुजारी महंत हरिहरनाथ योगी व चंद्र नाथ योगी का कहना है कि मंदिर निर्माण के समय हमारे पूर्वज ने जिंदा समाधि ली थी जो आज भी मंदिर परिसर के दक्षिण भाग में षट्कोणिक चबूतरे के रूप में विद्यमान है। इस पर भी श्रद्धालु माथा टेकते हैं। मां बागेश्वरी सतोगुणी व तमो गुणी दोनों रूप में पूजित है यह बलि प्रथा पर प्राचीन काल से चली आ रही है।जिसे श्रद्धालु अपनी इच्छा अनुसार करते हैं इसके लिए मंदिर परिसर में अंदर उत्तर दिशा में बाउंड्री वॉल के अंदर बलि का स्थान निश्चित भी किया गया है। बाली के बाद श्रद्धालु इसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं इस मंदिर में खुले दर्शन की परंपरा है। मंदिर के सभी कपाट बंद कर यहां के पुजारी गर्भगृह का दर्शन कराते हैं। माता के दरबार में सभी की इच्छा पूरी होती हैं। माँ बागेश्वरी मंदिर के सामने बने एक खूबसूरत तालाब में खडेश्वर मूंछ वाले हमादेव जी की मूर्ति विद्यमान है। माता जी के दरबार में दर्शन के बाद श्रद्धालु यहां भी माथा टेकते हैं व प्रसाद चढ़ाते हैं।

# देवानांम प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान की 2325 वां जन्मोत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न

अमित पाठक /श्याम कुमार मिश्रा (बहराइच)। प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद के तत्वाधान में वसुधैव कुटुंबकम के जनक संसार के गौरव, लोककल्याणकरी शासक देवानांम प्रियदर्शी सम्राट अशोक महान की 2325 वां जन्मोत्सव कार्यक्रम हुजूरपुर ब्लॉक के सरवा गांव में राम नरेश मौर्य पूर्व प्रधान सरवा की अध्यक्षता में मनाया गया7 जिसमे मुख्य अतिथि बदलाव संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर पवन पटेल व विशिष्ट अतिथि बदलाव संस्था के राष्ट्रीय महासचिव डॉ अखिलेश कुमार मौर्य, परिषद के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिनाम सिंह कुशवाहा रहे जबकि संचालन जिलाध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव डॉ अखिलेश कुमार मौर्य ने कहा कि भारत को दुनिया के महानतम सम्राट, विश्व के गौरव, सम्राट अशोक महान की शासनशैली, न्याय पद्धति, व त्याग की आवश्यकता है। सम्राट अशोक महान के समय प्राकृतिक संसाधन राज्यों के आधीन थे। इसलिए सम्राट अशोक के समय आर्थिक गैर बराबरी नहीं थी तथा दुनिया पर भारत का 35त्न निवेश हुआ करता था। सम्राट अशोक महान का रिजर्व बैंक तक्षशिला में था जहाँ 30 करोड चांदी के सिक्के पुरातत्व विभाग को मिले। दक्षिण कोरिया के पुरातत्व विभाग के अनुसार सम्राट अशोक ने 30000 पौंड सोना 50000 कास्टर कोरिया को दिया था। सम्राट अशोक महान के समय भारत में 22 विश्वविद्यालय नालन्दा, तक्षशिला, विक्रमशिला इत्यादि हुआ करते थे जो आज के कैलिफोर्निया, हावर्ड जैसे विश्वविद्यालयों से बेहतर थे। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिनाम सिंह कुशवाहा ने कहा की सम्राट अशोक महान ने ही सर्वप्रथम मनुष्यों व पक्षियों के लिए अलग- अलग चिकित्सालय खोलवाये थे। आज भी ग्रामीण स्तर पर आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं व संसाधन उपलब्ध नहीं इसी लिए बड़े बड़े उद्योगपति व राजनेता इलाज के लिए विदेश जाते है। देवी पाटन मंडल प्रभारी संतोष मौर्य ने कहा कि सम्राट अशोक महान ने सबसे पहले सड़कों पर फलदार वृक्ष लगवाए और उन्होंने ही सबसे पहले पर्यावरण अभियान चलाया तथा जनता को पानी पीने के लिए कुएँ, बावड़ी, तालाब खुदवाए और तालाबो का निर्माण कराया।

इसी क्रम में मंडल अध्यक्ष अजय कुमार मौर्य, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुमार मौर्य, नरेंद्र प्रसाद मौर्य,रूपा यादव, सुमन सिंह, सोनी मौर्य, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रविंद्र कुमार मौर्य, अमरीश मौर्य, राज किशोर मौर्य डॉ दिनेश मौर्य ने भी सम्बोधित किया।

इस मौके पर संजय मौर्य, रामू मौर्य, अशोक मौर्य, दिलीप मौर्य, अंकित कुमार, उमेश, हुजूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष शिव कुमार मौर्य, शिवपुर ब्लॉक उपाध्यक्ष प्रदीप मौर्य, बबिता, समृद्धि, राम फेरे मौर्य, रजनी मौर्य, राम निवास मौर्य, चंद्रदीप मौर्य, सिद्धार्थ मौर्य, जय प्रकाश, गरीश कुमार मौर्य आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अदृश्य महामारी के विरुद्ध कमान संभाल मैदान में उतरे एसडीएम पयागपुर, भ्रमण कर समूचे नगर पंचायत में कराया छिड़काव

अमित पाठक, बहराइच, पयागपुर। देश में कोरोना संक्रमण के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ रहे है जनपद बहराइच के विकासखण्ड क्षेत्र पयागपुर में कोरोना का संक्रमण फैलते देख नगर पंचायत कार्यालय की ओर से क्षेत्र को सैनेटाइज करने का कार्य किया जा रहा है। नगरपंचायत द्वारा अभी कुछ दिनों पूर्व महज कुछ ही स्थानों पर सैनिटाइजर का छिड़काव किया गया था। वहीं मंगलवार से सैनिटाइजर छिड़काव करने का दायरा बढ़ा दिया गया है। इस बार मैदान में उतर कर कमान खुद उपजिलाधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती ने संभाली, उन्होंने स्वयं क्षेत्रों में निकलकर सैनेटाइज हो रहे क्षेत्र पयागपुर नगर पंचायत अंतर्गत कोर्ट बाजार ,भूप गंज बाजार ,सेंट्रल बैंक, आर्यावर्त बैंक, तहसील, ब्लॉक, बाजार, रेलवे स्टेशन का भ्रमण किया उनके साथ नगर पंचायत कार्यालय में कार्यरत कौशल त्रिपाठी भी रहे। एसडीएम श्री भारती ने मुख्य बाजार का भी हाल जाना सभी क्षेत्रवासियों से मास्क लगाएं रखने एवं सामाजिक दूरी बनाये रखने की भी अपील की उन्होंने लोगों से एहतियात बरतने को कहा।



### बिजली का लटकता तार लोगों के लिए बना खतरा

अमित पाठक/ श्याम कुमार मिश्रा (बहराइच)। विकास खण्ड नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत केवलपुर के उप ग्राम रुपईडीहा गांव में बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तार लटका दिए हैं। जिससे लोगों के लिए खतरा बन गया हैं। खम्भा लगाने की आस में लकड़ियां बांध कर बिजली दे दी गयी है। यह 11 हजार की लाइन कभी भी गंभीर हादसे का सबब बन सकती है।रुपईडीहा गांव के आस पास के रहने वाले अलीमुल,मुबारक,बौरा, सोनी,झोथु,इस्लाम,अली अहमद व कलामुद्दीन आदि लोगो ने बताया कि बिजली विभाग को कई बार प्रार्थना पत्र दे चूके हैं। परन्तु आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। खंभा पड़ा है बिजली विभाग के कर्मचारी इसे लगाने नही आ रहें हैं।



### अनाधिकृत रूप से कोविड के मरीज का इलाज करने पर चिकित्सक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

अमित पाठक (बहराइच)। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजेश मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि इण्डिया हास्पिटल के संचालक डा. गयाश अहमद द्वारा कोविड-19 के पाजिटिव मरीज राजेश गुप्ता आयु 49 वर्ष जो एंटीजन टेस्ट द्वारा 18 अप्रैल 2021 को पाजिटिव पाये गये थे का इलाज किया जा रहा था। कोविड-19 रोगी के उपचार हेतु उत्तर प्रदेश शासन द्वारा यह चिकित्सालय अधिकृत नहीं है। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत रूप से पाजिटिव मरीज का उपचार गैर कानूनी रूप से किये जाने, कोविड-19 महामारी फैलने की संभावना तथा मरीज की जान के साथ खिलवाड़ किये जाने के कारण इण्डिया हास्पिटल के संचालक डा. गयाश अहमद के विरुद्ध कोतवाली देहात में भा.द.सं. की सुसंगत धारा एवं महामारी एक्ट में अभियोग पंजीकृत कराया गया है।

### 22 अप्रैल से ज़िला बांके में एक सप्ताह का लाकडाउन

अमित पाठक /श्याम कुमार मिश्रा (रुपईडीहा / बहराइच)। नेपाल के ज़िला बांके में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए एक सप्ताह का लाकडाउन लगाने का निर्णय लिया गया है।जो कि बृहस्पतिवार 22 अप्रैल से शुरू होगा और 29 अप्रैल तक रहेगा। मंगलवार की दोपहर ज़िला कोविड-19 प्रबंधन समिति की इस बैठक में बढ़ते कोरोना संक्रमण की रोकथाम व इस महामारी से निपटने हेतु चर्चा की गई।बैठक में ज़िले के स्वास्थ्य विशेषज्ञों राजनीतिक दलों,व्यापार प्रतिनिधियों,मीडियाकर्मियों व राजनैतिक दलों के स्थानीय नेताओं ने भाग लिया।जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बांके जिले में एक सप्ताह का सम्पूर्ण लाकडाउन लगा दिया जाना चाहिए।बैठक के बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुये जिलाधिकारी शिवराम गेलाल ने बताया कि बांके में स्कूलों, स्वास्थ्य क्लबों, स्विमिंग पूल, मनोरंजन क्षेत्रों और अन्य स्थानों में कोरोना संक्रमण की दर में तेजी से वृद्धि के कारण संघीय सरकार से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार जिले में एक सप्ताह का लाकडाउन लगाया जा सकता है।उन्होंने बांके के लोगों से कोरोना महामारी के प्रसार से खुद को और दूसरों को बचाने के लिए स्वास्थ्य मानकों का पालन करने का भी आग्रह किया।बैठक में लुंबिनी राज्य विधानसभा सदस्य आईपी खरेल, नेपालगंज उप महानगर प्रमुख डॉ0 धवल शमशेर राणा, खजुरा के अध्यक्ष किस्मत कुमार कक्षपति,एमाले बांके के अशोक कर्माचार्य, जनता समाजवादी पार्टी के कमरुद्दीन राई और भेरी अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ0 प्रकाश बहादुर थापा आदि उपस्थित रहे।

### सामुदायिक भवनों में बेड व ऑक्सीजन की मांग

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन की सोसायटियों में बढ़ते कोरोना संक्रमण चलते ने फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन एओए ने प्रशासन से सोसायटियों के सामुदायिक भवनों में पांच-पांच बेड व ऑक्सीजन की व्यवस्था कराने की मांग की है, जिससे आपातकाल में मरीज की जान बचाई जा सके। फेडरेशन ने सोसायटी निवासियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग कर यह निर्णय लिया है। फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन एओए के अध्यक्ष राजकुमार त्यागी ने बताया कि राजनगर एक्सटेंशन के पास निजी अस्पताल को कोविड अस्पताल घोषित किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

## वरुणा ग्रुप ने भारत के लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर में ऑपरेशनल एक्सीलेंस के 25 साल पूरे किए





संवाददाता (दिल्ली) भारत की अग्रणी और लीडिंग लॉजिस्टिक कंपनियों में से एक, वरुणा ग्रुप ने इंडियन सप्लाय चेन इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं। अपनी स्थापना के बाद से, कंपनी के फाउंडर्स ने ऑपरेशनल एक्सीलेंस को प्राथमिकता दी है, जो ग्राहक-केंद्रितता, पारदर्शिता और टेक्नोलॉजी-फर्स्ट एप्रोच के माध्यम से निरंतर सुधार के लिए जारी है। 1996 में स्थापित, वरुणा समूह की स्थापना दो भाइयों श्री विकास जुनेजा और श्री विवेक जुनेजा द्वारा बरेली में की गई थी। केवल दो ट्रकों के साथ संचालन शुरू करने के बाद, कंपनी आज सप्लाय चेन लीडर्स के लिए पसंदीदा पार्टनर के रूप में उभरी है, जो अपने एंड-टू-एंड लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन के कुशल प्रबंधन के लिए उन पर भरोसा करते हैं और उत्पादों की इफेक्टिव लैंडेड कॉस्ट को कम करते हैं। बिजनेस की दो प्रमुख पंक्तियों-लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग के साथ काम करते हुए, वरुणा समूह देश के सबसे बड़े ड्राय कार्गो कंटेनर में शामिल है, जिसमें 1800+ वाहन शामिल हैं, जो एक मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा संचालित हैं।

## टाटा पावर-डीडीएल ने देश की राजधानी में कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनज़र बिजली की निरंतर आपूर्ति के लिए उठाए ठोस कदम

संवाददाता (दिल्ली)। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए उत्तरी दिल्ली में 7 मिलियन आबादी तक बिजली पहुंचाने वाली प्रमुख कंपनी, टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन (टाटा पावर-डीडीएल) ने अपने उपभोक्ताओं को बिजली की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ज़रूरी कदम उठाए हैं। कंपनी स्थिति पर पूरी नज़र रख रही है और इस कठिन समय में अपने कर्मचारियों और उपभोक्ताओं का पूरा सहयोग करने के लिए तैयार है। टाटा पावर-डीडीएल के समर्पित फील्ड क्रू बिजली आपूर्ति में किसी तरह की रुकावट आने पर बिजली बहाल करने के लिए कोविड-19 से जुड़े पूरे सुरक्षा प्रोटोकॉल के साथ चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। बिजली की आपूर्ति बनाए रखने के लिए एडीएमएस, ग्रिड एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑटोमेशन जैसी एडवांस और मजबूत ऑपरेशन टैक्नॉलॉजी के अतिरिक्त कंपनी के लचीले नेटवर्क के कारण बिजली की भरोसेमंद आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रिमोट ऑपरेशन और पावर डिलीवरी से जुड़े महत्वपूर्ण एसेट की निगरानी करना संभव हुआ है। अस्पतालों, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट्स तथा स्ट्रीट लाइट्स जैसी महत्वपूर्ण जगहों को बिजली आपूर्ति करने वाले सबस्टेशनों सहित सभी सबस्टेशनों के रखरखाव के लिए कदम उठाए गए हैं ताकि बिजली की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। गर्मी के महीनों में बिजली की मांग में होने वाली बढ़ोतरी को देखते हुए टाटा पावर - डीडीएल ने 2150 MW (मेगावाट) की एक्सपेक्टेड पीक डिमांड के मुकाबले 2500 MW (मेगावाट) से ज़्यादा बिजली की व्यवस्था की है ताकि सभी आवश्यक सेवाओं को बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और महामारी के कारण घर से काम कर रहे उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा, कंपनी ने रोहिणी और रानी बाग नेटवर्क में अत्याधुनिक बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम्स (बीईएसएस) स्थापित किए हैं ताकि किसी भी आक्समिक ज़रूरत के समय बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। ये स्टोरेज सिस्टम आउटेज के समय अस्पतालों और दिल्ली जल बोर्ड जैसी जगहों को बिजली की आपातकालीन आपूर्ति कर सकते हैं। टाटा पावर-डीडीएल के सीईओ श्री गणेश श्रीनिवासन ने कहा,टाटा पावर-डीडीएल अपने उपभोक्ताओं की सुरक्षा और सुविधा, विशेषकर इस कठिन समय में, सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम हमारे उपभोक्ताओं से अपील करते हैं कि वे घरों में ही रहें और बिलिंग तथा दूसरी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए हमारे डिजिटल प्लेटफार्म्स का उपयोग करें ताकि हम सभी मिलकर इस संकट का सामना कर सकें। हमारी पावर विक्टर्स टीम बिजली की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही है। हम इस कठिन समय में आवश्यक सेवाओं की बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। टाटा पावर-डीडीएल हमेशा आपके और दिल्ली के साथ खड़ा है। टाटा पावर-डीडीएल ने अपने उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कई ऑनलाइन सेवाओं की भी शुरुआत की है। उपभोक्ता अब कंपनी के मोबाइल ?प (टीपीडीडीएल कनेक्ट), वेबसाइट, चैटबॉट (रोशनी), टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 19124 के ज़रिए भी सभी सेवाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं। हम उपभोक्ताओं से अपील करते हैं कि अपने बिजली के बिल लेने और समय पर उनका भुगतान करने के लिए कंपनी के मोबाइलप, व्हाट्सएप सर्विस (7303482071) का इस्तेमाल करें। उपभोक्तओं को उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबरों पर, उनकी बिलिंग साइकिल के आधार सैल्फ-मीटर रीडिंग एसएमएस एलर्ट भेजे जाएंगे। एसएमएस पर दिए गए लिंक से कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट तक पहुंचा जा सकता है, और यह पूरी प्रक्रिया बेहद सुरक्षित है। ई-बिल हेतु रजिस्टर करने के लिए उपभोक्ताओं को BILL<SPACE><CA Number> टाइप कर हमें 7303482071 पर व्हट्सप मैसेज भेजना होगा। उपभोक?ता अपने परिसर में नो पावर सप्लाई शिकायत दर्ज करने के लिए 9619619124 पर मिस्ड कॉल दे सकते हैं। टाटा पावर-डीडीएल के 2.3 लाख स्मार्ट मीटर भी इस महामारी के दौरान काफ़ी उपयोगी साबित हुए हैं और इनके चलते, कंपनी को उपभोक्ताओं के परिसार में मैनुअल मीटर रीडिंग के लिए अपने मीटर रीडर्स को को भेजने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।

# पियर्सन इंडिया ने यू.पी.एस.सी. परीक्षा की तैयारी के पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाया; देवदत्त पटनायक और श्रीराम श्रीरंगम के साथ शीर्षकों को पेश किया

संवाद दाता (दिल्ली): शिक्षा के माध्यम से अपनी सफलता संभावनाओं को बढ़ाने में विद्यार्थियों की सहायता करने की वचनबद्धता की दिशा में विश्व की प्रमुख लर्निंग कंपनी पियर्सन ने आज यू.पी.एस.सी. परीक्षा की तैयारी के लिए अपने नए शीर्षकों को पेश किया जो छात्रों को उच्च गुणवत्ता की सामग्री मुहैया करवाएंगे। पियर्सन इंडिया ने पुस्तकों और एप के मिश्रित शिक्षण समाधान को पेश करने के लिए मशहूर लेखक श्री देवदत्त पटनायक और श्री श्रीराम श्रीरंगम और श्री रोहित दियो झा के साथ हिस्सेदारी की है। यह समाधान यू.पी.एस.सी. की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए सभी मुख्य विषयों को कवर करेगा। देवदत्त पटनायक द्वारा रचित पुस्तक 'इंडियन कल्चर, आर्ट एंड हेरिटेज' (भारतीय संस्कृति, कला एवं विरासत) यह दिखाती है कि कैसे संस्कृति, कला एवं विरासत के मिश्रण ने शुरुआत से भारतीय समाज की रचना, इसका निर्माण और इसे पुनर्जीवित किया है। इसी तरह से श्रीराम श्रीरंगम और रोहित दियो झा द्वारा रचित पुस्तक इंडियन पोलिटी (भारतीय राजनीती) में भारतीय संविधान, इसके स्रोत और संशोधन, राज्य नीति के मौलिक सिद्धांत, मौलिक अधिकार और कर्तव्य और इससे संबंधित अधिनियम, चुनाव आयोग और अनुसूचियां जैसे अध्याय दिए गए हैं। श्री राजेश पंकजशन, डायरेक्टर-प्रोडक्ट्स एंड पोर्टफोलियो, पियर्सन इंडिया




ने कहा, देश में लाखों छात्र हर वर्ष सिविल सर्विसेज़ की परीक्षा की तैयारी करते हैं। सी.एस.ई. के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में 8 लाख छात्रों ने सिविल सर्विसेज़ की परीक्षा दी थी जो वह परीक्षा है जिसमें देश के सबसे ज्यादा छात्र बैठते हैं। इस लिए यह छात्रों के लिए बेहद अहम है कि उनके पास इस परीक्षा की तैयारी करने के लिए उच्च गुणवत्ता के स्रोत और तकनीक उपलब्ध हो। सिविल सर्विसेज़ में पियर्सन इंडिया की सामग्री को विश्वस्तरीय समझा जाता है और अब, देवदत्त पटनायक और श्रीराम श्रीरंगम द्वारा रचित नए मिश्रित शिक्षण स्रोतों के साथ, हमें विश्वास है कि छात्रों के पास इस परीक्षा की तैयारी करने के लिए और सफलता हासिल करने के लिए एक बेहतरीन समाधान होगा। पौराणिक कथाओं के विज्ञानी, वक्ता और चित्रकार श्री देवदत्त पटनायक ने कहा, कला और संस्कृति एक विषय के तौर पर यू.पी.एस.सी. परीक्षा का एक अहम अंग हैं। प्रीलिम्स में ऑब्जेक्टिव सवालों को हल करने में सहायता करने के साथ-साथ इससे यह भी पता चलता है कि छात्र कितनी अच्छी तरह से समय और क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए विश्व, अर्थशास्त्र, राजनीती, सभ्यता को समझते हैं।

मुझे पियर्सन इंडिया के साथ मिलकर कला और संस्कृति पर एक ऐसी पुस्तक को पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है जिसकी सामग्री को बहुत ही सावधानी से रचा गया है और जिसे विभिन्न विषयों, भुगौलिक क्षेत्रों, इतिहास में बांटा गया है और जो छात्रों को संस्कृति के आधार और इसमें शामिल सभी तत्वों को समझने में मदद करेगी। मुझे उम्मीद है कि यह पुस्तक पाठकों के लिए बहुत ही मज़ेदार और मनोरंजक साबित होगी, छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने में मदद करेगी, और यह देश के भविष्य के नौकरशाहों को तराशने में मदद करेगी। श्रीराम'ज़ आई.ए.एस. के संस्थापक और मालिक श्रीराम श्रीरंगम ने कहा, पुरे विश्व में चल रहे वर्तमान संकट ने विकास को एक नया रूप देने और इसकी पुनर्रचना करने के नए अवसर पेश किए हैं।

इसने सरकार को अपनी पॉलिसियों और नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया है ताकि विकास की गति को नुकसान पहुंचाए बिना इस महामारी के विभिन पक्षों पर काबू पाया जा सके। इसलिए, यू.पी.एस.सी. के छात्रों के लिए यह समझना आवश्यक हो जाता है कि संकट की इस घड़ी के परिणाम कैसे होंगे।

# मार्च 2021 में उत्तर प्रदेश ने सबसे अधिक इंडस ऐप बाज़ार उपयोगकर्ताओं को रिकॉर्ड किया

इंडस ऐप बाजार, एक प्रमुख घरेलू-विकसित ऐप-कंटेंट-डिस्कवरी प्लेटफॉर्म मार्च 2021 के लिए भारतीय ऐप स्टोर ट्रेंड्स रिपोर्ट को साझा करने के लिए खुश है। कुछ ट्रैक-

1. गेमिंग ऐप्स अधिकतम डाउनलोड देखे गए
2. राज्य-वार उपयोग कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और गुजरात के मामले में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर रहा।
3. प्रमुख शहर बैंगलोर शहरी, जो नेता, गौतम बुद्ध नगर, हैदराबाद, कोलकाता, और गुरुग्राम के बाद बन गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, इंडस ऐप बाजार पर सबसे अधिक डाउनलोड की जाने वाली ऐप श्रेणियां हैं:

1. मनोरंजन,
2. संचार, और
3. सामाजिक मीडिया

आपके साथ होने वाले किसी भी प्रश्न के संबंध में हमें आपके साथ जुड़ने में खुशी होगी।

उद्धरण - सक्रिय उपयोगकर्ताओं के मामले में शीर्ष 3 राज्य यूपी, कर्नाटक और तमिलनाडु थे, जिनमें से सभी में एक मजबूत युवा जनसांख्यिकीय उपस्थिति है। यह हमारी दृष्टि के सत्यापन को इंगित करता है और सामग्री और एक कस्टम-निर्मित सामग्री वितरण दृष्टिकोण तक सरलीकृत पहुंच प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करता है। जबकि इंडस ऐप बाज़ार 12 भारतीय भाषाओं में पहुँच प्रदान करता है, मार्च 2021 में अंग्रेजी, हिंदी और मराठी सामग्री की उपभोग की शीर्ष 3 भाषाएँ हैं। प्रवक्ता **- रोहित उत्मानी, उत्पाद प्रमुख - इंडस ऐप बाज़ार**

## एल एंड टी ने कंस्ट्रक्शन और माइनिंग मशीनरी कारोबार में पूरे किए 75 साल

संवाददाता (दिल्ली)। ईपीसी प्रोजेक्ट्स, हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज में जुटी भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी लार्सन एंड टुब्रो ने अपने सबसे पुराने व्यवसायों में से एक कंस्ट्रक्शन एंड माइनिंग मशीनरी बिजनेस (सीएमबी) में 75 साल का सफर (प्लैटिनम जुबली) पूरा कर लिया है। इस दौरान कंस्ट्रक्शन और माइनिंग मशीनरी बिजनेस ने निर्माण और खनन उद्योग के साथ अपने 75 वर्षों के एसोसिएशन के दौरान भारत में 60,000 से अधिक अत्याधुनिक मशीनों की आपूर्ति की है। इन मशीनों का उपयोग असाधारण डिजाइन के लिए किया गया है और इस तरह कंपनी ने राष्ट्र के बढ़ते बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए लार्सन एंड टुब्रो के सीईओ और एमडी श्री एस एन सुब्रह्मण्यन ने कहा, "राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण उपकरणों को पेश करने में एलएंडटी हमेशा अग्रणी रहा है। साथ ही, इंजीनियरिंग डिजाइन और विनिर्माण क्षमताओं के स्वदेशी विकास में भी कंपनी सबसे आगे है। हमें खुशी है कि हमारा कंस्ट्रक्शन एंड माइनिंग मशीनरी बिजनेस पिछले 75 वर्षों से नवीन उपकरणों और सराहनीय सेवा रिकॉर्ड के साथ खनन और निर्माण क्षेत्रों की बेहद जटिल आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है।" सीएमबी के अब तक के शानदार सफर पर हर्ष व्यक्त करते हुए एल एंड टी कंस्ट्रक्शन एंड माइनिंग मशीनरी के एक्जीक्यूटिव वाइस-प्रेसीडेंट श्री अरविंद के गर्ग ने कहा, "पिछले सात से अधिक दशकों से निष्ठावान ग्राहकों की सेवा करना हमारी पूर्ण प्रतिबद्धता रही है। राष्ट्र के विकास के लिए वैश्विक स्तर पर मान्य टैक्नोलॉजी, इक्विपमेंट्स और प्रेक्टिसेज को अपनाने में एल एंड टी हमेशा अग्रणी रही है। कंपनी के सफर के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर, हम अपने ग्राहकों को उनके सहयोग और संरक्षण के लिए धन्यवाद देते हैं।" एल एंड टी ने 1945 से हासिल अपने गहन ज्ञान और अनुभव का उपयोग किया है और अपनी खुद की 'मेक इन इंडिया' सड़क मशीनरी विकसित की जिसमें वाइब्रेटरी कॉम्पैक्टर और व्हील लोडर शामिल थे। स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित ये मशीनें अब सड़क निर्माण और राजमार्ग विकास का समर्थन कर रही हैं और एल एंड टी को 'आत्मानिर्भर भारत' के राष्ट्रीय मिशन में योगदान करने में सक्षम बनाती हैं। कंपनी ने 1973 में पोकलेन एसए-फ्रांस के सहयोग से हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर्स की शुरुआत करके एक बड़ा कदम उठाया। यह एक ऐसी क्रांतिकारी और अग्रणी पहल थी, जिसके लिए अर्थमूविंग में पूरी तरह से नई अवधारणा स्थापित करने से संबंधित प्रयासों की आवश्यकता थी। इस पहल के साथ ही एल एंड टी इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण में एक रणनीतिक भागीदार बनने में कामयाब रही। कुछ अन्य सहयोगों में शामिल थे - एल्बरेट-फ्रांस, जेआई केस, यूएसए, वाइब्रोमैक्स-जर्मनी, डेट्रइट डीजल-यूएसए। बाद में 1998 में इंजीनियरिंग सेक्टर की दो दिग्गज कंपनियों- कोमात्सु और एल एंड टी ने कोमात्सु की अत्याधुनिक, विश्व स्तरीय मशीनों के निर्माण के लिए एक संयुक्त उद्यम का गठन किया। कोमात्सु पीसी200-6 एक्सकेवेटर 'गुणवत्ता, विश्वसनीयता और स्थायित्व' के मामले में मानदंड बना और एक प्रतिष्ठित मॉडल बन गया। पीसी71, पीसी130, पीसी300 और पीसी450 जैसे एक्सकेवेटर्स के कई मॉडलों की शुरुआत के साथ बाद के वर्षों में एल एंड टी ने अग्रणी कंपनी की स्थिति हासिल की और 25,000 से अधिक मूल्यवान ग्राहकों का एक बड़ा और वफादार निष्ठावान बनाया। इनोवेशन की निरंतर कोशिशों के साथ आगे बढ़ते हुए एल एंड टी ने हाल ही में कोमात्सु पीसी210-10एम0 हाइड्रोलिक एक्सकेवेटर की शुरुआत की। इसने कामयाबी की एक नई कहानी लिखी और 22-टन वर्ग में सबसे तेजी से बढ़ता मॉडल बनने की दिशा में सभी रिकॉर्डों को तोड़ दिया, 10 महीने की अवधि में यह 1000 अंक तक पहुंच गया और अब मार्केट अग्रणी बनने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। जैसे-जैसे भारत में खनिज खनन का विस्तार हुआ, कोमात्सु और एल एंड टी ने खनन को सुरक्षित, पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ बनाने के लिए बदलने का फैसला किया और बड़ी खनन मशीनों की शुरुआत की, जैसे डंप ट्रक एचडी785, डोजर मॉडल डी155 और डी475, एक्सकेवेटर मॉडल पीसी1250 और पीसी2000 की शुरुआत की।

# एहतियात के तौर पर जिला में स्थित मंदिरों के लिये दिशा निर्देश व मानक संचालन प्रक्रिया जारी किये है

पंचकूला( विजय भारद्वाज)जिला में कल मनाये जा रहे रामनवमी के पावन त्यौहार के धार्मिक महत्व और कोविड-19 के मामलों में वृद्धि को देखते हुए जिलाधीश मुकुल कुमार ने एहतियात के तौर पर जिला में स्थित मंदिरों के लिये दिशा निर्देश व मानक संचालन प्रक्रिया जारी किये है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष के तौर पर जारी एक आदेश में मुकुल कुमार ने कहा कि सभी को सामान्य सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों जैसे सामाजिक दूरी (2 गज की दूरी) तथा हर समय मास्क पहनने की आवश्यकता है। इसके अलावा पार्किंग स्थल में सामाजिक दूरी का पालन करते हुए उचित भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूजा अर्चना के लिये किसी भी प्रकार की सामूहिक आरती, सभा व भीड़ की अनुमति नहीं दी जाएगी।

केवल व्यक्तिगत प्रार्थना की अनुमति होगी। इसके अलावा धार्मिक स्थान पर और उसके आसपास प्रसाद, वितरण या पवित्र जल के छिड़काव आदि की अनुमति नहीं होगी। मंदिर प्रबंधन द्वारा नियमित रूप से मंदिर परिसर को सेनिटाईज किया जाएगा। मुकुल कुमार ने कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा हाथों को नियमित रूप से धोने व श्रद्धालुओं की थर्मल स्कैनिंग का प्रावधान सुनिश्चित किया जायेगा। सिविल सर्जन, पंचकूला को



श्रद्धालुओं के रैपिड एंटीजन टेस्ट की रैंडम सैंपलिंग करवाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने कहा कि श्वसन शिष्टाचार जैसे खाँसते/छींकते समय मूंह व नाक को टिशू पेपर, रूमाल/फ्लेक्स कोहनी के साथ ढंकना तथा इस्तेमाल किए गए टिशू का उचित तरीके से निपटान किया जाना चाहिए।

इसके अलावा थूकना सख्त वर्जित होगा और कोरोना उपयुक्त व्यवहार सख्ती से देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भीड़ भाड़ को रोकने के लिए, मंदिर प्रबंधन को श्रद्धालुओं के लिए इस तरह से व्यवस्था करने की सलाह दी गई है कि रामनवमी महोत्सव के अवसर पर मंदिर में पूजा/प्रार्थना करने के लिए एक बार में 20 से अधिक व्यक्तियों को अनुमति नहीं दी जाये। मंदिर प्रबंधन श्रद्धालुओं के प्रवेश को विनियमित करने के लिए कूपन का उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम आयुक्त पंचकूला, पुलिस उपायुक्त पंचकूला, संबंधित एसडीएम, ड्यूटी मजिस्ट्रेट-कम-इंसिडेंट कमांडर और ड्यूटी पर पुलिस अधिकारी इन आदेशों का कड़ाई से पालना करना सुनिश्चित करेंगे। इन आदेशो की उल्लंघना करने पर अपराध के उपायों के लिए आईपीसी की धारा 188 के तहत कानूनी कार्रवाई के अलावा आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 51 और 60 के तहत तत्काल अपराधिक मुकदमा दर्ज किया जायेगा

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा चौबिसों घन्टे प्रदान की जायेगी टेली कंसल्टेन्सी की सुविधा, दो पालियों में नियुक्त किये गये चिकित्सक

अमित पाठक (बहराइच)। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि कोविड-19 संक्रमण के आमजन को चिकित्सीय सुविधा एवं परामर्श उपलब्ध कराये जाने हेतु जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा चौबिसों घन्टे (राउण्ड-द्-क्लाक) टेली कंसल्टेन्सी की सुविधा प्रदान की जायेगी। सी.एम.ओ. डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक सी.एच.सी. पर प्रथम पॉली में प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक 02 चिकित्सक तथा द्वितीय पॉली में रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक 01 चिकित्सक द्वारा मोबाइल के माध्यम से ज़रूरतमन्दों को टेली कंसल्टेन्सी सुविधा प्रदान की जायेगी। सी.एम.ओ. डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रिसिया पर प्रथम पॉली में प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक डॉ. शालिनी सिंह मो.न. 8574128881 व डॉ. दिनेश कुमार मो.न. 9839657888 तथा द्वितीय पॉली में रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक डॉ. मोहसिन अली मो.न. 8318364370, सी.एच.सी. चित्तौरा पर प्रथम पॉली में डॉ. प्रदीप कुमार नेत्र सर्जन मो.न. 9415619031 व डॉ. ममता बसन्त डी.जी.ओ. मो.न. 9532983610 एवं द्वितीय पॉली में डॉ. विभोर शिव मो.न. 6398042166, सी.एच.सी. कैसरगंज पर प्रथम पॉली में डॉ. वी.के. सिंह चेस्ट फिजीशियन मो.न. 9838929687 व डॉ. शिशिर कुमार सर्जन मो.न. 7080836555 व द्वितीय पॉली में डॉ. पॉयल श्रीवास्तव मो.न. बालरोग विशेषज्ञ मो.न. 8874752262 द्वारा टेली कंसल्टेन्सी की सुविधा प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार सी.एच.सी. जरवल पर प्रथम पॉली में डॉ. अजय प्रताप सिंह मो.न. 9560934419 व डॉ. प्रशान्त श्रीवास्तव नेत्र विशेषज्ञ मो.न. 9971468939 तथा द्वितीय पॉली में डॉ. आरती मिश्रा मो.न. 7079008093, सी.एच.सी. फखरपुर पर प्रथम पॉली में डॉ. मारिया एहसन मो.न. 7839510520 व डॉ. शशीभूषण यादव मो.न. 9665286387 तथा द्वितीय पॉली में डॉ. अनिल कुमार वर्मा मो.न. 9454501311, सी.एच.सी. हुजूरपुर पर प्रथम पॉली में डॉ. संजीव जायसवाल मो.न. 9455023050 व डॉ. रमापति मो.न. 9451243114 तथा द्वितीय पॉली में डॉ. सुहेल अहमद मो.न. 8318991203, सी.एच.सी. पयागपुर पर प्रथम पॉली में डॉ. रहमतुन निशॉ मो.न. 8808284095 व डॉ. मनोज कुमार सोनी मो.न. 7668858900 तथा द्वितीय पॉली में डॉ. शरद कुमार भारती मो.न. 9767038830 द्वारा टेली कंसल्टेन्सी की सुविधा प्रदान की जायेगी। सी.एच.सी. विशेश्वरगंज पर प्रथम पॉली में डॉ. सरिता देवी मो.न. 8178760053 व डॉ. बृजेश कुमार मो.न. 8299341147 तथा द्वितीय पॉली में डॉ. कुनाल मिश्रा मो.न. 9453890063, सी.एच.सी. बलहा पर प्रथम पॉली में डॉ. आर.के. मिश्रा स्त्री रोग विशेषज्ञ मो.न. 9918547118 व डॉ. अफज़ाल अहमद मो.न. 9616498437 तथा द्वितीय पॉली डॉ. अविनाश सिंह मो.न. 6383356705, सी.एच.सी. नवाबगंज पर प्रथम पॉली में डॉ. धर्मेन्द्र कुमार गौतम मो.न. 9415922912 व डॉ. विवेक सिंह मो.न. 9140896809 तथा द्वितीय पॉली में डॉ. सुनील कुमार मो.न. 8057674051, सी.एच.सी. मिहींपुरवा पर प्रथम पॉली में डॉ. मन्तदेव स्त्री रोग विशेषज्ञ मो.न. 9721776421 व डॉ. शेर अली मो.न. 9198799786 द्वारा टेली कंसल्टेन्सी की सुविधा प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार सी.एच.सी. शिवपुर पर प्रथम पॉली में डॉ. रूपाली राजा मो.न. 9919801400 व डॉ. कौसर हयात मो.न. 9616248591 तथा द्वितीय पॉली में डॉ. जितेन्द्र कुमार गुप्ता मो.न. 8744046083, सी.एच.सी. तेजवापुर पर प्रथम पॉली में डॉ. शिव प्रताप मो.न. 9532340244 व डॉ. प्रज्ञा वर्मा मो.न. 9450505479 तथा डॉ. अनेक कुमार मो.न. 8543865646 तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महसी पर प्रथम पॉली में डॉ. राकेश कुमार मौर्या मो.न. 9026561373 व डॉ. दिनेश रस्तोगी मो.न. 9718664291 तथा द्वितीय पॉली में डॉ. साईका हमीद अंसारी मो.न. 7905146713 द्वारा टेली कंसल्टेन्सी की सुविधा प्रदान की जायेगी।

# बदमाशों ने दिनदहाड़े अकाउंटेंट से 20 लाख रुपये लूटे, सीमा विवाद में उलझी पुलिस

गाजियाबाद। गाजियाबाद में शिप्रा अंडरपास के पास सोमवार की शाम 2 बदमाशों ने हवाई फायरिंग करते हुए सीमेंट कंपनी के अकाउंटेंट से 20 लाख रुपए लूट लिए। घटना 19 अप्रैल शाम करीब 4:00 बजे की है। अकाउंटेंट इंदिरापुरम के एक बैंक से रकम निकालकर नोएडा के ऑफिस ले जा रहे थे। उन्होंने इसकी सूचना इंदिरापुरम और नोएडा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची दोनों जिलों की पुलिस पीड़ित से पूछताछ करती रही, लेकिन मामला दर्ज ना हो सका। नोएडा और गाजियाबाद की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। दरअसल जिस जगह पर लूट हुई, वहां गाजियाबाद और नोएडा सीमाएं मिलती हैं। इसलिए दोनों जिलों की पुलिस मामला दर्ज करने में आनाकानी करती रही। हालांकि अकाउंटेंट से घटनास्थल पर कई बार पूछताछ की गई।

खबर लिखे जाने तक मामला पंजीकृत नहीं हो सका है। पीड़ित संदीप ने बताया कि वह कनोडिया सीमेंट में अकाउंटेंट के पद पर काम करते हैं। सोमवार की शाम वह इंदिरापुरम के एचडीएफसी बैंक से करीब 20 लाख रुपए निकालकर अपने नोएडा ऑफिस ले जा रहे थे। वह बाइक पर अकेले थे।

इसी दौरान शिप्रा अंडरपास के पास अचानक एक बाइक पर सवार दो लोगों ने उन्हें ओवरटेक किया और उनका रास्ता रोक लिया। दोनों जबरन उनके हाथ से बैग छीनने लगे। जब अकाउंटेंट ने बैग नहीं छोड़ा, तो एक बदमाश ने हवाई फायरिंग शुरू कर दी। आपाधापी में बैग उनके हाथ से छूट गया और बदमाश रकम से भरा बैग लेकर नोएडा की तरफ फरार हो गए। खींचातानी में अकाउंटेंट संदीप जख्मी भी हो गए हैं। उनके पैर में चोट आई है। उनका कहना है कि दोनों बदमाशों ने हेलमेट लगाया था। इसलिए उनकी पहचान नहीं हो पाई थी। हालांकि इस दौरान अकाउंट ने लोगों से मदद की गुहार लगाई।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल हाईकोर्ट से पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी को मिली राहत




पंचकूला( सचिन बराड़ )कालका एक मामले में हिमाचल हाईकोर्ट से पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी को मिली राहत के बाद धर्मपूर स्थित कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव नैब चौधरी ने लड्डू बंटवाकर व ढोल बजवाकर अपनी खुशी जाहिर की। नैब ने कहा कि प्रदीप लोगो की आवाज उठाने वाले और सुख-दुख में खड़े होने वाले नेता है, कहा कि अब जल्द ही कानूनी प्रक्रिया के तहत प्रदीप चौधरी की सदस्यता बहाल हो जाएगी और वह जनता के बीच रहकर फिर से एक बार उनकी सेवा कर सकेगें। नैब ने कहा कि प्रदीप चौधरी ने हमेशा आमजन की लड़ाई लड़ी है, और आगे भी वह जनसेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते रहेगें। इस दौरान कांग्रेसियों द्वारा प्रदीप चौधरी जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। इस अवसर पर मदन लाल, रेखा शर्मा, अत्तर राम, कुलदीप कौर, लक्ष्मी देवी, गुरप्रित कौर, मनदीप सिंह, प्रदीप शर्मा, जसवंत राणा, मनसिमरन, सुमित शर्मा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

### काली माता मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर लगी रोक, कुछ देर बाद दोबारा शुरू करवा दिए गए दर्शन



पंचकूला( सचिन बराड़ )। कालका, काली माता मंदिर को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए अचानक बंद कर दिया गया। मंदिर में एंट्री न होने से श्रद्धालुओं में ऊहा-पोह की स्थिती बन गई ।वहीं अचानक मंदिर की ग्रील श्रद्धालुओं के लिए बंद करने से प्रसाद के दुकानदारो में भी बैचानी उत्पन्न हो गई कि मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक क्यों लगा दी गई है। उधर मंदिर में अनाउसमेंट भी करा दी गई की कोविड के मद्देनजर मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिया गया है। अभी मंदिर की ग्रील को बंद करे दस मिनट भी नही हुए थे की मंदिर प्रशासन द्वारा मंदिर की ग्रील को खोल दिया गया और श्रद्धालुओं को लाइन वाइज दर्शन करवाने दोबारा शुरू कर दिए गए। जानकारी देते हुए मंदिर सचिव पृथ्वीराज ने बताया कि उनको संदेश मिला था कि चीफ एडिशनल सेक्रेटरी के आदेशानुसार कुछ मंदिरो को तुरंतप्रभाव से बंद करने की सूचना मिली थी । वहीं इस बाबत अधिकारीयों से बात कर के मंदिर की ग्रील को बंद कर दिया गया था। बताया कि लेकिन कुछ देर बाद ही अधिकारीयों द्वारा फोन पर बातचीत के बाद मंदिर को खोलने के आदेश मिलने के साथ ही मंदिर की ग्रील को श्रद्धलुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया।

### कालका अष्टमी पर करीब 4380 श्रद्धालुओं ने काली माता मंदिर में शीश नवां सुख समृद्धि की कामना की



कालका (विजय भारद्वाज )कालका अष्टमी पर करीब 4380 श्रद्धालुओं ने काली माता मंदिर में शीश नवां सुख समृद्धि की कामना की। जानकारी देते हुए मंदिर सचिव पृथ्वीराज ने बताया कि आठवें नवरात्रे पर बोर्ड मेंबर लतिका शर्मा, नगर निगम पंचकूला कमिशनर आरके सिंह, पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी ने मंदिर में माथा टेका। सचिव ने बताया कि इस दौरान श्रद्धालुओं ने 3,85,373 कैश सहित सोने के 5 तथा चांदी के 59 नग माता के चरणो में अर्पित किए गए।

# संदीप मिश्रा निर्देशित लघु फ़िल्म हैवानियत एम एक्स प्लेयर पर रिलीज




संदीप मिश्रा के निर्देशन में बनी हिंदी लघु फ़िल्म हैवानियत लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म एम एक्स प्लेयर सहित अन्य चर्चित ओटीटी पर रिलीज किया गया।हंगामा प्ले के द्वारा यह लघु फ़िल्म एम एक्स प्लेयर व अन्य ओटीटी पर रिलीज किया गया हैं।निर्देशक संदीप मिश्रा ने बताया कि यह लघु फ़िल्म सत्य घटना से प्रेरित हैं,जो सामाजिक मुद्दे पर आधारित एक हॉरर लघु फ़िल्म हैं।संदीप मिश्रा इसके अतिरिक्त कई वेब सीरीज व फिल्मों के शूटिंग की तैयारी में हैं।फिलहाल कोरोना के माहौल को देखते हुए शूटिंग को टाल दिया गया हैं।लेकिन,जैसे ही माहौल सामान्य होता हैं।फिर से संदीप मिश्रा शूटिंग में व्यस्त होंगे।इस लघु फ़िल्म का निर्माण कौशांबी इंटरनेशनल फिल्म्स के बैनर तले किया गया हैं।जिसके लेखक व निर्माता भोला कौशाम्बी,सिनेमेटोग्राफर अनुपम जैसवाल,संगीतकार कुमार दिलीप, मुख्य कलाकार राजु तिवारी, जय बाबु , इरफान अहमद, हुमा कमाल, अशलम नुरी खन्ना, रुपेश विश्वकर्मा, सुरज, अनन्या पाण्डेय, किशन दिवाना आदि तमाम कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया मैकअप मैन सोनू,संवाद लेखक रूपेश विश्वकर्मा व परवाना नारगीश,डिजिटल डिस्ट्रीब्यूटर कुलदीप मौर्या हैं।


# अमेरिका प्रवासियों की मेहनत से बना है, प्रियंका चोपड़ा ने रंगभेद पर लगाई लताड़

मुंबई। इंटरनैशनल स्टार प्रियंका चोपड़ा पिछली बार फिल्म द वाइट टाइगर में नजर आई थीं। इस फिल्म का डायरेक्शन ईरानी मूल के अमेरिकन डायरेक्टर रमिन बहरानी ने किया था। हाल में बहरानी को अमेरिका में रंगभेद का सामना करना पड़ा। दरअसल वह एक जगह इंटरव्यू दे रहे थे और तभी पास खड़े व्यक्ति ने उन पर रेशियल कॉमेंट कर दिया। इसके बाद अब प्रियंका खुलकर बहरानी के सपोर्ट में आ गई हैं। बताया जा रहा है कि जब बहरानी इंटरव्यू दे रहे थे तो एक आदमी ने आकर कहा, तुम सबको लगता है कि तुम दुनिया चला रहे हो? तुम चला नहीं रहे बल्कि बिगाड़ रहे हो। बताते हैं कि उस आदमी ने इसके बाद बहरानी पर चिल्लाना शुरू कर दिया कि वह अमेरिका छोड़कर चले जाएं। इसके बाद बहरानी अपनी कार लेकर वहां से निकल गए। इस घटना के बाद प्रियंका ने तुरंत रिऐक्ट किया। प्रियंका ने कहा कि अमेरिका का निर्माण अमेरिकन ड्रीम्स की खोज में प्रवासियों ने किया है। अमेरिका में उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जाना कभी सोचा भी नहीं जा सकता। अमेरिका को एक स्वतंत्र जिंदगी, मौकों और एक सुरक्षित स्थान के लिए जाना जाता है। वैसे बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जबकि प्रियंका रंगभेद पर खुलकर बोली हैं। उन्होंने अपनी किताब अनफिनिश्ड में भी यूएस में हुई रंगभेद की घटनाओं के बारे में बताया है। फिलहाल तो प्रियंका लंबे समय से अपने पति निक जोनस के साथ लंदन में रह रही हैं। प्रियंका ने यह भी कहा है कि अगले साल वह अपनी अगली बॉलिवुड फिल्म में नजर आएंगी।

# बिग बॉस 14 फेम सारा गुरपाल कोरोना पॉजिटिव, आइसोलेशन में की यह अपील

मुंबई। कोरोना का कहर बदस्तूर जारी है। रोजाना लाखों केस सामने आ रहे हैं। फिल्म और टीवी इंडस्ट्री पर भी इसका बुरा प्रभाव दिखा है। जहां आए दिन कई सिलेब्रिटीज कोविड की चपेट में आ रहे हैं तो वहीं 1 मई तक के लिए महाराष्ट्र में लॉकडाउन लगा दिया गया है और हर तरह की शूटिंग बंद है। इसी बीच पंजाबी सिंगर और बिग बॉस 14 फेम सारा गुरपाल को कोरोना हो गया है। सारा गुरपाल ने ट्विटर के जरिए यह खबर फैन्स के साथ शेयर की। उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया और उन लोगों से अपना कोरोना टेस्ट करवाने की अपील की, जो हाल-फिलहाल उनके संपर्क में आए। सारा गुरपाल नेअपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, मेरा कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया है। मैं अपना ध्यान रख रही हूं और आइसोलेशन में हूं। मैं आप लोगों से रिक्वेस्ट करती हूं कि आप अपना अच्छे से ख्याल रखें। अगर आपमें से कोई भी मुझसे हाल-फिलहाल में मिला हो तो अपना टेस्ट करवा ले। सारा गुरपाल ने बिग बॉस 14 में बहुत सुर्खियां बटोरी थीं। उनकी शादी की खबरों ने भी खूब बवाल मचाया था। हालांकि वह बिग बॉस के घर में ज्यादा दिनों तक नहीं टिक पाईं। बात करें कोरोना से संक्रमित सेलेब्स की तो अब तक कई टीवी शोज के दर्जनों क्रू और कास्ट मेंबर्स इसकी चपेट में आ चुके हैं और क्वारंटीन में हैं। इनमें इंडियन आइडल 12 से लेकर डांस दीवाने 3, वागले की दुनिया और तारक मेहता का उल्टा चश्मा जैसे शोज भी शामिल हैं।

# खेसारीलाल यादव के साथ जल्द एक म्यूजिक वीडियो में नजर आयेंगी जोया खान



**संत कुमार गोस्वामी की रिपोर्ट**

भोजपुरी की खूबसूरत अदाकारा जोया खान जल्द ही सुपर स्टार खेसारीलाल यादव के साथ एक म्यूजिक वीडियो में नजर आने वाली हैं। इस म्यूजिक वीडियो की शूटिंग बीते दिनों बनारस में हुई है, जिसमें जोया और खेसारीलाल यादव की लाजवाब केमेस्ट्री दर्शकों को देखने को मिलेगी। जोया खान अपने इस म्यूजिक वीडियो को लेकर बेहद खुश हैं और कहती हैं कि ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव के साथ काम करना बेहद खास रहा। मेरा सपना भी था कि मैं खेसारीलाल यादव के साथ लीड रोल में काम करूं, जो थोड़ा सा पूरा है। अब मुझे उनके साथ फिल्म भी करनी है। लेकिन फिलहाल मैं अपने इस गाने को लेकर बेहद एक्साइटेड हूं, जो जल्द ही रिलीज होगा।

वैसे जोया खान इन दिनों भोजपुरी और साउथ की लैंग्वेज में बनने वाली फिल्म 'करिया' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म की शूटिंग भी उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला में चल रही है। इस फिल्म में वे अभिनेता अंगद ओझा के साथ नजर आने वाली हैं। इसके अलावा भी उन्होंने कई फिल्मों की शूटिंग पूरी कर ली है और कई फिल्मों पर काम चल रहा है। जोया ने बीते दिनों दिनेशलाल यादव निरहुआ और अक्षरा सिंह स्टारर भोजपुरी फ़िल्म जान लेबू का, फिल?म ' एगो राधा एगो मीरा', फिल्म 'शिकारी', फिल्म 'कल्लू की दुल्हनियां', फिल्म 'सिंहासन', फिल्म 'एक छैला 6 लैला', फिल्म 'आंचल', फिल्म 'मोहब्बतपुर' पूरी कर ली हैं, जो साबित करता है कि वे कितनी डेडिकेटेड हैं। साथ ही भाग्यशाली भी, क्योंकि लॉकडाउन के बाद इतनी बड़ी संख्या में फिल्मों का मिलना किसी के लिए आसान काम नहीं होता है।

# फैमिली दर्शकों और बच्चों के मनोरंजन के लिए निर्माता धीरज कुमार का स्ट्रेस-बस्टर फंतासी शो 'निक्की और जादुई बबल'

कोरोना के बढ़ते प्रकोप, लॉक डाउन, कर्फ़्यू जैसे हालात में आज हर इंसान परेशान है। दिल दिमाग से हर व्यक्ति बुरी तरह प्रभावित हुआ है, ऐसे माहौल में तनाव कम करना और होंठों पे मुस्कान लाना व्यक्ति के इम्यून पॉवर को बढ़ाता है और आज इसी की सबको जरूरत है। वक़्त की इसी जरूरत को देखते हुए निर्माता धीरज कुमार पारिवारिक दर्शकों और बच्चों के मनोरंजन के लिए एक स्ट्रेस-बस्टर फंतासी शो निक्की और जादुई बबल लेकर आ रहे हैं। यह शो 19 अप्रैल को दंगल टीवी पर शाम 6.30 बजे प्रसारित होगा।

बच्चों का शो, निक्की और जादुई बबल घर पर परिवारों के लिए प्यार, हँसी और मनोरंजन लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। शो इस युवा लड़की निक्की और एक जादुई बुलबुले के आसपास घूमता है। यह रोमांच, ट्रिक्स और मस्ती से भरपूर होगा। शो का निर्माण क्रिएटिव आई लिमिटेड के धीरज कुमार, जुबी कोचर और सुनील गुप्ता ने किया है।



निक्की का रोल मायेशा दीक्षित ने किया है, जबकि निक्की के पिता की भूमिका हिमांशु मल्होत्रा ने निभाई है। ये रिश्ता क्या कहलाता है की लिटिल स्टार, तन्मय ऋषि नटखट बबल के रूप में नजर आएंगी।

शो के निर्माता धीरज कुमार ने बताया, बच्चों को जादू वाली और साहसिक फिल्में देखना बहुत पसंद है। इस कठिन समय में, यह शो न केवल बच्चों के लिए, बल्कि उनके माता-पिता के लिए भी तनाव दूर करने वाला साबित होगा। यह एक पारिवारिक शो है और तन्मय हैरी पॉटर फिल्मों में उस युवा लड़के की तरह दिखते हैं। निर्माता जुबी कोचर ने कहा, आज के समय में हर माता-पिता की इच्छा होती है कि उनके बच्चों को भी स्ट्रेस बस्टर प्रोग्राम देखने की जरूरत है। वे अपने इम्युनिटी लेवल को बढ़ाने के लिए एक मिनट हंसना चाहते हैं। इसी तरह प्रोड्यूसर सुनील गुप्ता ने कहा, यह सच है कि आज हर कोई बहुत तनाव में है और इसका इलाज हंसना है वो भी बच्चों के साथ-साथ हंसना है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि आज के महामारी के समय में हंसी बेहतरीन दवा है तो निक्की और जादई बबल एक मुस्कान के साथ परोसा जाने वाला उत्तम व्यंजन है। यह शो एक महान जादूगर शिव की 11 वर्षीय बेटी निक्की की कहानी है। एक जादुई बबल और अपने करीबी दोस्तों की मदद से, वह अपने पिता को ढूंढने और जादुगरनी, झंझारिका को हराने के लिए एक यात्रा पर निकलती है। अभिनेता रुस्लान मुमताज इस शो के कलाकारों में शामिल हो गए थे। इससे पहले उन्हें लोकप्रिय शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में देखा गया था। लेकिन बाद में पता चला कि अभिनेता हिमांशु मल्होत्रा को अभिनेता रुस्लान मुमताज के बजाय शो के लिए चुना गया। अभिनेत्री तश्वी ठक्कर भी इस शो की मुख्य भूमिका में शामिल हैं। वह तमन्ना, दिल संभल जा ज़रा, नागिन 3 और कसम तेरे प्यार की जैसे शोज़ का हिस्सा रही हैं। यह क्ट्रेस इस शो में चुगली का किरदार निभाते हुए नजर आएंगी। वह दूसरों के बारे में चुगली करती हुई दिखाई देंगी और अपने कार्यों के लिए परिणाम भुगतेंगी। निर्माता धीरज कुमार ने कहा कि दंगल चैनल के साथ जुड़ने से मैं सम्मानित महससू कर रहा हूँ। दंगल चैनल के मालिक और सीएमडी मनीष सिंघल और प्रशांत भट्ट के नेतृत्व वाली क्रिएटिव टीम के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। मनीष सिंघल, प्रशांत भट्ट और टीम के मूल्यवान योगदान और सुझाव निक्की और जादुई बबल के निर्माण में बहुत उपयोगी रहे हैं। उसी तरह क्रिएटिव आई की पूरी टीम जिसमें संध्या रियाज, शशांक, और असगर अली शेख शामिल हैं, ने इस शो को सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले बच्चों के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपनी पूरी कोशिश की है और लोग यह शानदार मस्ती भरी जादुई यात्रा को जरूर पसंद करेंगे।

मयूर सँवाद
आपका मौहल्ला आपकी आवाज दैनिक
अखबार में छपवाने के लिये आप निम्नलिखित सामग्री/सूचना/समाचार/विज्ञापन भेज सकते हैं:
* समाचार
* जन प्रतिनिधि से जुड़ी समस्याएँ व सुझाव
* जन-समस्याएँ - पानी, बिजली आदि
* बधाई/शुभकामना एवं संदेश
* विचार/प्रतिक्रिया
* कविता/लघु कथा
* व्यंजन बनाने की विधि
* उद्घाटन की तस्वीरें
* बच्चों की पेंटिंग
* विद्यालयों के क्रियाकलाप की खबरें
* विज्ञापन
संपर्क करें: 7011410110 7982891541
9212094209
7982891541
नियमित पाठक, पत्रकार, ब्यूरो चीफ की सदस्यता के लिए सम्पर्क करें:-
कार्यालय :- मीडिया सेंटर, सी-148, पांडव नगर, दिल्ली-110092
ईमेल - mayursamvad@gmail.com

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक मनमीत कौर द्वारा ज्योति प्रिंटर्स, ई-94, सेक्टर-6, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं सी-148, पांडवनगर, शकरपुर, दिल्ली-110092 से प्रकाशित।
संपादक: मानव नागर ( प्रकाशित लेखों के लेखकों की राय से संपादक या प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं ) किसी भी कानूनी वाद-विवाद की स्थिति में दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगा।